


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



हिचकी से हैं परेशान तो तुरंत...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

रविवार, 09 अक्टूबर 2022 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 09 अंकः 289 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# राजस्थान में अडानी के निवेश पर राहुल गांधी बोले: ऐसे प्रस्ताव को कोई भी सीएम मना नहीं करेगा, मेरी सोच एकाधिकार के खिलाफ

नई दिल्ली। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी की तस्वीर की खूब चर्चा रही। दरअसल, जयपुर में राजस्थान समिट चल रहा है और यहां देश के अलग–अलग उद्योगपति भी पहुंच रहे हैं। अडानी समूह की ओर से राजस्थान में बड़ा निवेश किया जा रहा है। इसके बाद से भाजपा कांग्रेस से जबरदस्त तरीके से सवाल पूछ रही है। दरअसल, कांग्रेस मोदी सरकार पर अडानी और अंबानी का नाम लेकर निशाना साधती रहती है। अशोक गहलोत के साथ अडानी की तस्वीर से भाजपा को भी मौका मिल गया। भाजपा के इसी प्रहार पर अब राहुल गांधी ने जवाब दिया है। राहुल गांधी ने साफ तौर पर कहा कि ऐसे प्रस्ताव को कोई भी मुख्यमंत्री मना नहीं करेगा, मेरी सोच एकाधिकार के खिलाफ है। अपने बयान में राहुल ने कहा कि अडानी ने राजस्थान को 60,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव दिया, ऐसे प्रस्ताव को कोई भी मुख्यमंत्री मना नहीं करेगा। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने अडानी





को कोई तरजीह नहीं दी या अपने (गौतम अडानी के) व्यवसाय में मदद करने के लिए अपनी राजनीतिक शक्ति का उपयोग नहीं किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं इस बात का विरोध करता हूं कि बीजेपी सरकार ने भारत में हर कारोबार में 2–3 लोगों को इजारेदार बना दिया है, मैं पूंजी की इस एकाग्रता के खिलाफ हूं मैं व्यापार या सहयोग के खिलाफ नहीं हूं। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव पर राहुल ने कहा कि दोनों लोग (शशि थरूर और मल्लिकार्जुन खड़गे) जो (कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में) खड़े हैं, उनके पास स्थिति और दृष्टिकोण है और वे कानून और समझ के लोग हैं। मुझे नहीं लगता कि इनमें से कोई भी रिमोट कंट्रोल होगा। राहुल ने भाजपा– आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि यह कांग्रेस पार्टी के नेता थे जिन्होंने अंग्रेजों से लड़ाई की, जिन्होंने जेल में कई साल बिताया। महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, वल्लभ भाई पटेल, उन्होंने अंग्रेजों से लड़ते हुए अपनी जान दे दी। उन्होंने कहा कि मेरी समझ के मुताबिक वे अंग्रेजों की मदद करते थे और सावरकर को अंग्रेजों से वजीफा मिल रहा था। ये ऐतिहासिक तथ्य है... स्वतंत्रता संग्राम में कहीं भी भाजपा नहीं दिखेगी। इसके साथ ही इससे फर्क नहीं पड़ता कि नफरत फैलाने वाले व्यक्ति कौन हैं और किस समुदाय से आते हैं। नफरत और हिंसा फैलाना एक राष्ट्र–विरोधी कार्य है और हम हर उस व्यक्ति के खिलाफ लड़ेंगे जो नफरत फैलाएगा।

# कांग्रेस के 70 साल के राज ने पूर्वोत्तर भारत को हिंसा और अराजकता की ओर धकेला: अमित शाह

गुवाहाटी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के 70 वर्ष के राज ने पूर्वोत्तर भारत को हिंसा और अराजकता की ओर धकेल दिया था लेकिन अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) की सरकार ने इसे मुख्यधारा से जोड़ दिया है। शाह ने यहां पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद दावा किया कि भाजपा शासन के दौरान असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र शांति व विकास के पथ पर आगे बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 9,000 लोगों से हथियार डलवाकर असम में शांति स्थापित की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बजट को तिगुना कर दिया है, जिससे सभी क्षेत्रों में ढांचागत विकास हुआ है। उन्होंने दावा किया कि आजादी के बाद, सत्तर साल के कांग्रेस शासन ने पूर्वोत्तर को हिंसा और अराजकता की ओर धकेल दिया था लेकिन पिछले आठ वर्षों के दौरान मोदी के नेतृत्व ने इस क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने में मदद की है। शाह ने पार्टी के नए कार्यालय का जिक्र करते हुए कहा, "भाजपा कार्यालय केवल ईंट–पत्थर की इमारत नहीं हैं, बल्कि यह पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण, भावना, प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत को दर्शाती है।" इससे पहले, शाह ने भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा के साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा,पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख भावेश कलिता, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा और अन्य की उपस्थिति में पार्टी के नए मुख्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बनी छह मंजिला इमारत की सभी मंजिलों का जायजा लिया। नड्डा ने डिजिटल माध्यम से नौ जिला पार्टी कार्यालयों जबकि शाह ने 102क्षेत्रीय कार्यालयों की आधारशिला रखी।

# लद्दाख क्षेत्र में सौर, भू–तापीय ऊर्जा एवं हरित हाइड्रोजन की अपार संभावनाएं: उप राज्यपाल

नयी दिल्ली। लद्दाख के उप राज्यपाल आर के माथुर ने कहा है कि इस केंद्रशासित क्षेत्र में सौर ऊर्जा, भू–तापीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं जिनका दोहन किए जाने की जरूरत है। माथुर ने शुक्रवार को लेह में अग्नि तत्व अभियान पर आयोजित पहली संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि लद्दाख क्षेत्र में मौजूद व्यापक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमताओं के समुचित दोहन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा करने में कामयाबी मिलती है तो लद्दाख के दूरदराज के इलाकों में भी बिजली पहुंचाई जा सकती है। उप राज्यपाल ने कहा कि समूचे लद्दाख में विकेंद्रित नवीकरणीय सौर ऊर्जा मुहैया कराने पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि बिडली ग्रिड पर निर्भरता को कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह अभियान



लद्दाख को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप ही है। उन्होंने कहा कि भू–तापीय ऊर्जा भी लद्दाख के नजरिये से एक अहम क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि भू–तापीय ऊर्जा पूरे साल और पूरे दिन उपलब्ध रहती है और इसका दोहन इस पहलू को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हरित हाइड्रोजन को भी लद्दाख क्षेत्र के लिए एक ऊर्जा विकल्प बताते हुए कहा कि पानी से निकाले जाने वाले हाइड्रोजन का इस्तेमाल पेट्रोल एवं डीजल की जगह पर किया जा सकता है जबकि ऑक्सीजन का इस्तेमाल अस्पतालों और पर्यटकों को मदद देने में हो सकता है। लद्दाख शासन की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक संवहनीयता एवं संस्कृति विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में केंद्रशासित प्रदेश की ऊर्जा संभावनाओं पर व्यापक चर्चा की गई। इसमें ऊर्जा, संस्कृति और संवहनीयता के क्षेत्रों में सक्रिय अहम हितधारकों ने शिरकत की। केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने गत 21 सितंबर को अग्नि तत्व अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत नवीकरणीय ऊर्जा संभावनाओं के बारे में देश भर में विचार गोष्ठियां एवं सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

# हिंदुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है कश्मीर में 14वीं शताब्दी में बना दुर्गानाथ मंदिर

जम्मू। श्रीनगर में कई ऐतिहासिक मंदिर भी हैं जिनमें सदियों पुराना दुर्गानाथ मंदिर प्रमुख है। बताया जाता है कि 14वीं शताब्दी में इस मंदिर का निर्माण किया गया था और उस समय इसे शारदामत्ता मंदिर के नाम से जाना जाता था। सन् 1861 में डोगरा शासन के दौरान इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया गया था। हिंदुओं की आस्था के केंद्र इस मंदिर में आतंकवाद के दौर में भी पूजा पाठ होता रहा था और अब जब माहौल पूरी तरह सामान्य होने लगा है तो इस मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। खासतौर पर हिंदू पर्वों के दौरान यहां की रौनक देखते ही बनती है। अभी हाल ही में नवरात्रि पर्व के दौरान भी कश्मीर ही नहीं बल्कि भारत के अन्य भागों से भी लोग यहां पूजा अर्चना के लिए पहुँचे थे। कश्मीर घूमने आने वाले पर्यटक भी दुर्गानाथ मंदिर अवश्य आते हैं। दुर्गानाथ मंदिर के ट्रस्टी और कश्मीरी पंडित सम्मेलन के अध्यक्ष कुंदन कश्मीरी से मंदिर के इतिहास को लेकर बातचीत की।



# डीयू ने सीएसएएस पोर्टल में जोड़ा नया विकल्प, अब जान सकेंगे सीटों की जानकारी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में स्नातक दाखिले के सीएसएएस पोर्टल में अब नया विकल्प



जोड़ा गया है, जिससे छात्रों को रियल टाइम डेटा उपलब्ध होगा। इस विकल्प के जरिए छात्र पोर्टल पर ये देख सकेंगे कि प्राथमिकता के आधार पर कौन से कॉलेज और कोर्स का चयन अधिक चयन किया जा रहा है। इस अतिरिक्त विकल्प को कॉलेज प्रोग्राम वरीयता काउंड विंडो कहा जाएगा। ये जानकारी छात्रों को डैशबोर्ड पर दिखाई देगी। डैशबोर्ड पर ही छात्र उन कॉलेज और कोर्स के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकेंगे जिनके प्रति छात्रों की रूचि थोड़ी कम है। रियल टाइम में दिखने वाले डेटा के आधार पर छात्र अपने कोर्स और कॉलेज को चुन सकेंगे।

छात्रों को मिलता रहेगा अपडेटः इस संबंध में विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता ने कहा कि उम्मीदवार देख सकेंगे कि जिस कोर्स को या जिस कॉलेज को उन्होंने चुना है उसकी प्राथमिकता कितनी अधिक है। उन्होंने कहा कि हर दो घंटे में छात्रों को ये पोर्टल अपडेट होता दिखेगा जिससे उन्हें डाटा के संबंध में किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वह अपनी पसंद के विकल्प भरते समय इस विंडो का संदर्भ लेते रहें। करें सभी कॉलेज–कोर्स का चयनः विश्वविद्यालय के प्रोफेसर का कहना है कि छात्र जिस भी कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं वो उन सभी कोर्स का चयन करें। साथ ही ये भी सुझाव दिया गया है कि छात्र कोर्स को वरीयता दें ना कि कॉलेज को क्योंकि कोर्स में पढ़ाई की जाती है, जिसमें रुचि ना होने पर छात्र को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। छात्रों को अधिक से अधिक कॉलेज व कोर्स का चयन करने का सुझाव दिया गया है, ताकि उनके एडमिशन की अधिक से अधिक संभावना बनी रहे।

# इसरो को मिली बड़ी कामयाबी, चंद्रमा पर पहली बार सोडियम का पता लगाया

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है और इसके चंद्रयान–2 ऑर्बिटर में लगे एक्स–रे स्पेक्ट्रोमीटर 'क्लास' ने पहली बार चंद्रमा की सतह पर प्रचुर मात्रा में सोडियम का पता



लगाया है। इसरो ने बताया कि चंद्रयान–1 एक्स–रे फ्लूरोसेंस स्पेक्ट्रोमीटर (सी1एक्सएस) ने सोडियम का पता लगाया है जिससे चांद पर सोडियम की मात्रा का पता लगाने की संभावनाओं का रास्ता खुल गया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 'द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स' में हाल में प्रकाशित एक अनुसंधान रिपोर्ट के अनुसार चंद्रयान–2 ने पहली बार क्लास (चंद्रयान–2 लार्ज एरिया सॉफ्ट एक्स–रे स्पेट्रोमीटर) का इस्तेमाल कर चंद्रमा पर प्रचुर मात्रा में सोडियम की मौजूदगी का पता लगाया है।

बयान में कहा गया, "बेंगलुरु में इसरो के यू आर राव उपग्रह केंद्र में निर्मित 'क्लास' अपनी उच्च संवेदी क्षमता और दक्षता के कारण सोडियम लाइन के स्पष्ट सबूत उपलब्ध कराता है।" अध्ययन में पाया गया है कि ऐसा हो सकता है कि चंद्रमा पर सोडियम होने के संकेत संभवतरू सोडियम अणुओं की एक पतली परत से भी मिले हों जो चंद्रमा के कणों से कमजोर रूप से जुड़े होते हैं। अगर ये सोडियम चंद्रमा के खनिजों का हिस्सा हैं तो इन सोडियम अणुओं को सौर वायु या पराबैंगनी विकिरण से अधिक आसानी से सतह से बाहर निकाला जा सकता है। बयान के अनुसार, इस क्षार तत्व में दिलचस्पी पैदा करने वाला एक रोचक पहलू चंद्रमा के महीन वातावरण में इसकी मौजूदगी है, जो कि इतना तंग क्षेत्र है कि वहां अणु भी विरले ही कभी मिलते हैं। इस क्षेत्र को 'एक्सोस्फीयर' कहा जाता है, जो चंद्रमा की सतह से शुरू होकर हजारों किलोमीटर तक फैला होता है। इसरो ने कहा, "चंद्रयान–2 की इस नयी जानकारी से चंद्रमा पर सतह–एक्सोस्फीयर के बारे में एक नया अध्ययन करने का मौका मिलेगा, जिससे हमारे सौरमंडल में तथा उसके आगे बुध ग्रह औरअन्य वायुहीन पिंडों के लिए ऐसे ही मॉडल विकसित करने में मदद मिलेगी।







# नीतीश ने लालू के खिलाफ सीबीआई के आरोप पत्र पर नाराजगी जताई

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और नए सहयोगी लालू प्रसाद यादव के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा एक मामले में आरोप पत्र दाखिल करने पर नाराजगी जताई। सीबीआई ने यह आरोप पत्र लालू प्रसाद यादव के रेलमंत्री के कार्यकाल से जुड़े मामले में दाखिल किया है। समाजवादी नेता जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर उनके जन्म स्थान सिताब दियारा से वापस रवाना होने से पहले नीतीश कुमार संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। कुमार ने पटना उच्च न्यायालय द्वारा शहरी निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) का आरक्षण रद्द करने के फैसले की जिम्मेदारी उनके ऊपर डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, "आप पांच साल पहले की घटना याद कर सकते हैं जिसकी वजह से मुझे गठबंधन से बाहर जाना पड़ा था।" उल्लेखनीय है कि लालू प्रसादयादव के बेटे और उप



मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नाम एक अन्य मामले में आया था जिसकी वजह से जनता दल–यूनाइटेड नेता को अचानक राजद से नाता तोड़ना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने कहा, "उस मामले में कुछ भी नहींनिकला। मैं दोबारा गठबंधन में आया और नयी चीजें शुरू हो गई हैं। यह कोई तरीका है? ऐसा लगता है कि वे सनक और कल्पना के आधार पर काम कर रहे हैं।" कुमार 'महागठबंधन' का हिस्सा हैं और इस प्रकार उन्होंने परोक्ष रूप से राजनीतिक बदले की कार्रवाई का आरोप लगाया जो अकसर विपक्षी पार्टिया भाजपा नीत केंद्र सरकार पर लगाती हैं। कुमार ने यह टिप्पणी पत्रकारों के सवाल पर की। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि सीबीआई अधिकारियों ने खुलासा किया था कि उसने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी बड़ी बेटी व राज्यसभा सदस्य मीसा भारती सहित 14 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। नगर निकाय चुनावों में ओबीसी और ईबीसी आरक्षण पर पटना उच्च न्यायालय के प्रतिकूल फैसले को लेकर भाजपा द्वारा निशाना साधने पर कुमार ने पलटवार किया। उन्होंने कहा, "वे गलत बोल रहे हैं।"

# दीपोत्सव के लिए जनसहभागिता व जनसहयोग अभियान का शुभारंभ

## यह अभियान 18 अक्टूबर, 2022 तक चलेगा

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में वर्ष 2017 से दीपावली के पूर्व संध्या पर प्रतिवर्ष निरन्तरता पूर्वक आयोजित किया जाने वाले दिव्य दीपोत्सव के अन्तर्गत पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश, जिला प्रशासन के सहयोग से विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी दीपक प्रज्ज्वलित करते है। इस वर्ष 23 अक्टूबर, 2022 को यह कार्यक्रम सम्पन्न किया जायेगा। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा के क्रम में विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में दीपोत्सव 2022 में जनसहभागिता एवं जनसहयोग अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अविवि के कुलपति प्रो0 अखिलेश कुमार सिंह व जिला प्रशासन की ओर से एडीएम सिटी सलिल पटेल ने राज्यपाल एवं राजभवन परिवार द्वारा विश्वविद्यालय को भेजी गई तेल, दीए एवं बाती की सामग्री को दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह को सौंपा। इस दौरान कुलपति प्रो0 सिंह ने बताया कि अयोध्या का दीपोत्सव एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम है।

विश्वविद्यालय द्वारा पांच बार दीपोत्सव के आयोजन में सक्रिय सहभागिता की गयी है। इस बार छठा दीपोत्सव और भव्य होगा। कुलपति ने बताया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों के सामजंस्य से लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और दीपोत्सव 2022 को ऐतिहासिक बनायेंगे। कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों के द्वारा जनभागीदारी सुनिश्चित किया जायेगा एवं आमजनमानस के सहयोग से दीपोत्सव सामग्री इकट्ठा की जाएगी। यह अभियान 18 अक्टूबर, 2022 तक चलेगा। इसमें सभी स्वेच्छा से सरसों का तेल, मोमबत्ती (6 से 10 इंच लम्बी), बाती (3.5 इंच लम्बी) दे सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार का दीपोत्सव नया कीर्तिमान स्थापित करेगा और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेगा।

कार्यक्रम में एडीएम सिटी सलिल पटेल ने कहा कि दीपोत्सव का रिकॉर्ड विश्वविद्यालय के बिना संभव नहीं है। इस बार पुनः रिकार्ड टूटेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इस जन–सहभागिता अभियान का शुभारम्भ एक–एक व्यक्ति को कार्यक्रम से भावनात्मक रूप से जोड़ने का उचित माध्यम है। इससे लोग अपने को कार्यक्रम से जुड़ा हुआ महसूस करेंगे। कार्यक्रम में दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 अजय प्रताप सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन पूरी मुस्तैदी से दीपोत्सव को सफल बनाने में लगा है। तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रदेश शासन ने 15 लाख दीए जलाने का लक्ष्य दिया गया है। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों द्वारा दीए बिछाएंगे एवं जलाने की तैयारी है। इस कार्य को 18 हजार से अधिक वॉलिंटियर्स अंतिम रूप देंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 एस. एन. शुक्ल द्वारा किया गया। इस अवसर वित्त अधिकारी पूर्णेन्दु शुक्ल, कुलसचिव उमानाथ, प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 विनोद कुमार श्रीवास्तव, प्रो0 आरके सिंह, प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 रमापति मिश्र, प्रो0 शैलैन्द्र कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, डॉ0 दीपशिखा चौधरी सहित बड़ी संख्या विभागाध्यक्ष एवं समन्वयक उपस्थित रहे।

# ब्रह्मचारी गुरुजी महाराज को को अर्पित की श्रद्धांजलि

## –तोताद्रिमठ में अयोध्या के संत महंतो ने की शोकसभा

अयोध्या। अनंत श्री संपन्न परम पूज्य पंडित प्रकांड विद्वान ब्रह्मनिष्ट चतुर्वेद विन्ध्येश्वरी प्रसाद शुक्ला ब्रह्मचारी गुरुजी महाराज का साकेत वास (तिरोभाव) अश्वनी शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि 1 अक्टूबर को अयोध्या धाम के पावन धरा पर हुआ। अयोध्या के विद्वान जनों और संतो महंतों की एक शोक सभा तोताद्रिमठ में जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य महाराज की अध्यक्षता में जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ राघवाचार्य महाराज के संयोजन में आयोजित की गई। ब्रह्मचारी गुरुजी के बारे में बताते हुए डॉ राघवाचार्य महाराज ने कहा कि ब्रह्मचारी गुरुजी के नाम से देश विदेश में विख्यात शताधिक आयु संपन्न करने वाले श्री महाराज जी तीनों वेदों के साथ गणित तथा संस्कृत व अन्यान्य सभी विषयों के ज्ञाता थे वर्तमान समय में पूरे भारत में ऐसा कोई विद्वान अब नहीं है। उनके अंदर ज्ञान के साथ–साथ विनम्रता भी कूट–कूट कर भरी हुई थी।

ब्रह्मचारी गुरुजी ज्ञान के अखंड सागर तो थे ही साथ ही देश की स्वतंत्रता में भी उनका योगदान था और वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे साथ ही गौ रक्षा आंदोलन में भी अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के पकरी भीखी गांव में गर्ग गोत्र के कुलीन परिवार में उनका जन्म हुआ था और उनके पिता कुबेर नाथ शुक्ल संस्कृत के प्रकांड विद्वान थे और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। अध्यक्षता करते हुए जगतगुरु अनंताचार्य महाराज ने बताया कि ब्रह्मचारी गुरु जी को कई जन्मों का संस्मरण था और आपको भगवान ने स्वयं दर्शन दे करके कहा कि मेरी विग्रह यहां निकट है उसे लाकर के पूजन करो आज भी वह विग्रह जन्म स्थान में विराजमान है ऐसे महापुरुष धरती पर कभी–कभी जन्म लेते हैं। इस अवसर पर जगतगुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य, जगतगुरु स्वामी सूर्यनारायणाचार्य, जगतगुरु स्वामी श्याम नारायणाचार्य, रंगमहल पीठाधीश्वर रामशरण दास, बड़ा भक्तमाल के महंत अवधेश दास, जानकी घाट बड़ा स्थान के महंत जन्मेजय शरण, स्वामी कुरेशाचार्य, रंगवाटिका के महंत हरिसिद्धि शरण, मंगल पीठाधीश्वर कृपालु राम भूषण दास, स्वामी भरतप्रपन्नाचार्य प्रबंधक केशवप्रपन्नाचार्य ओमप्रकाश दास तपसी जी की छावनी शिवपूजन पूर्व प्रधानाचार्य रामायणी राम कृपाल दास कृष्ण कुमार पांडे श्रीनिवासाचार्य महंत उद्धव शरण रघुनाथ शास्त्री सहित अनेक विद्वानों ने अपने विचार प्रकट किए इस अवसर पर सैकड़ों विद्वान जन उपस्थित होकर ब्रह्मचारी गुरु जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# धान खरीद तैयारी को लेकर मण्डलयुक्त ने की बैठक

## क्रय केन्द्रों 01 नवम्बर से प्रारम्भ होगी धान की खरीद

अयोध्या। मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में आगामी धान खरीद वर्ष 2022–23 में धान क्रय की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की गयी एवं सम्भाग के जनपदों से उपस्थित कृषकों से भी वार्ता कर धान खरीद के संबंध में उनकी समस्याएं एवं सुझाव प्राप्त किये गये। गौरतलब है कि अयोध्या संभाग के जनपदों में 01 नवम्बर, 2022 से धान की खरीद प्रारम्भ होना है, जिसकी मद्देनजर मण्डलायुक्त द्वारा सम्भागीय खाद्य नियंत्रक अयोध्या मण्डल, जिलों के अपर जिलाधिकारीध्जिला खरीद अधिकारियों, जिला खाद्य विपणन अधिकारियों, क्रय एजेंसियो के मण्डलध्जिला प्रभारियों तथा जनपदों से प्रतिनिधि किसानों बैठक की गयी। धान विक्रय हेतु किसानों को खाद्य विभाग की वेबसाइटध्'यू0पी0 किसान मित्र' एप पर स्वयं जाकर अथवा किसी नजदीकी जनसेवा केन्द्रध इण्टरनेट कैफे के माध्यम से अपना किसान पंजीकरण करवाना होगा। कृषकों द्वारा धान खरीद हेतु दो जनपदों या दो तहसीलों में कृषि भूमि होने पर दोनों भूमियों को किसान पंजीकरण के समय पोर्टल पर लॉक न कर पाने, पंजीकरण के उपरांत नामध्भूमिध्रकबे के सत्यापन में विलम्ब होने जैसी समस्याओं उठायी गयी। मण्डलायुक्त द्वारा एक ही कृषक की दो अलग–अलग जनपदोंध्तहसीलों में आने वाली भूमियों को एक साथ किसान पंजीकरण में लॉक करने की पोर्टल पर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये प्रकरण शासन को संदर्भित करने हेतु सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, अयोध्या को निर्देशित किया एवं समस्त अपर जिलाधिकारीध्जिला खरीद अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त किसान पंजीकरण आवेदनों का एस0डी0एम0 स्तर से सत्यापन समय से पूरा कर लिया जाये।

मण्डलायुक्त द्वारा जनपदों में अनुमोदित क्रय केन्द्रों पर तत्काल स्टॉफ की तैनाती कराने एवं तत्काल क्रय केन्द्रों को ऑनलाइन पोर्टल पर फीड करने तथा जिओ–टैगिंग करने के निर्देश अपर जिलाधिकारीध जिला खरीद अधिकारियों एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारियों को दिये गये। धान खरीद हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता के संबंध में उपनिदेशक मण्डी, अयोध्या मण्डल को निर्देशित किया कि पावर डस्टर एवं अन्य उपकरण अनिवार्य रूप से 15 अक्टूबर तक उपबल्ध करा दिये जायें।

इस वर्ष केवल फोर्टिफाइड चावल ही केन्द्रीय पूल में सम्प्रदानित होना है अतएव जिन मिलों पर ब्लैण्डर मशीन अभी तक स्थापित नहीं हुई है प्रत्येक दशा में 01 सप्ताह के अन्दर ब्लैण्डर स्थापित करवा लिये जायें। किसानों को उनके धान विक्रय का भुगतान 72 घंटे के अन्दर प्राप्त हो सके, इसके लिये उनके द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि वह अपने आधार एवं बैंक खाते से मोबाइल नम्बर लिंक करा लें, बैंक खाते को एन0पी0सी0आई0 पर सीड करा लें एवं अपने बैंक खाते की क्रेडिट लिमिट को चेक करा लें। यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनका बैंक खाता एन0पी0ए0 न हो, ताकि उन्हें समय से भुगतान प्राप्त हो सके। समस्त जिला खाद्य विपणन अधिकारियों एवं क्रय एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने स्तर से उपरोक्त के संबंध में सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित कर दें कि वह धान क्रय से पूर्व संबंधित किसानों से उपरोक्त स्थितियों को सुनिश्चित करे लें ताकि समय से धान का भुगतान किसानों को प्राप्त हो जाये। सभी अधिकारी क्रय केन्द्रों का निरीक्षणध पर्यवेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में बिचौलिये केन्द्रों पर सक्रिय न होने पायें। मण्डलायुक्त द्वारा सभी अधिकारियों को सचेत किया गया कि यदि धान खरीद में बिचौलियों की संलिप्तता पायी जाती है तो संबंधित अधिकारी एवं बिचौलियों के खिलाफ गैंग्स्टर एक्ट एवं अन्य कठोर धाराओं के तहत कार्यवाही की जायेगी, इसमें किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा। बैठक में सम्भागीय खाद्य नियंत्रक सत्येन्द्र नाथ पांडेय के अलावा मण्डल के समस्त ए0डी0एम0 व किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# जिधर देखो पानी ही पानी सैकड़ो गांवसभा में बाढ़ का पानीघुसा,जनजीवन अस्त वस्त

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसीपुर/बलरामपुर। सैकड़ो गावों में बाढ़ का पानी घुसा





लोगों का जनजीवन अस्त वेस्त हो गया है राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही लोगों का जीवन नरकिये हो चला है नेपाल के पहाड़ी नालो से बाढ़ का पानी तथा कई दिनों के लगातार बारिश की वजह से जहाँ गावों में अत्यधिक जलभराव है वहीं नगरों में भी जलभराव शुरुआत हो गई है जिससे लोग भयभीत है सरकार के तरफ से जगह जगह पर नावो की व्यस्था नाकाम सावित हो रही है तुलसीपुर गौरा मार्ग तो बिलकुल बंद हो चूका है जिससे दत्तरगवा. भूसैलवा. सिधवा डिप पर पुल बनवाने की मांग छेत्र वासियो ने की है जिससे हर वर्ष होने वाली इस समस्याआ से छुटकारा हो सके। बाढ़ का पानी सेवरहवा गुलरहिया, परसा, खजुरिया, दत्तरगवा भूसेलवा, राजाजोत, जानकी नगर, मथुरा, बेलासपुर सहित सैकड़ो से ज्यादा गावों में बाढ़ कहर बनकर लोगों को डस रहा है इस मौके पर लोगों को खाने पीने के पानी की समस्या हो रही है वहीं पशुवों के लिए भी बाढ़ आफत बनकर आई है अभी किसानो पर सूखे की मार के बाद बाढ़ के और आफत बरपाया है।

# जलभराव व गंदगी की समस्या को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

अयोध्या । महानगर क्षेत्र में व्याप्त जलभराव एवं गंदगी की समस्या को लेकर महानगर कांग्रेस कमेटी ने महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल के नेतृत्व में जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन देते हुए महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा बड़े–बड़े दावे करने वाली नगर निगम की पोल एक ही बरसात ने खोल दी। आम आदमी पर सिर्फ टैक्स का बोझ लगने वाली नगर निगम को जन सुविधाओं की फिक्र नहीं है। श्री सिंह ने कहा नगर निगम ने पिछले साल बरसात बाद फैली अव्यवस्था से कोई भी सीख नहीं ली जिसका खामियाजा इस वर्ष भी आम आदमी को उठाना पड़ रहा है। महानगर विस्तार में आए क्षेत्र के बाशिंदों का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है पर नगर निगम का कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति उनकी समस्याओं को जानने के लिए क्षेत्र में नहीं गया। महानगर कांग्रेस कमेटी ने नगर निगम से मांग की की वाडो में फैली गंदगी को यथाशीघ्र दूर किया जाए। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सदर तहसीलदार ने लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम नरेश मौर्य उमेश उपाध्याय राम अवध पासी प्रवीण श्रीवास्तव बसंत मिश्रा अवधेश तिवारी रामेंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# प्रभु श्रीराम के आगे नतमस्तक हो हुए भरत

## भरत मिलाप के दृश्य ने लोगों को किया भाव विभोर

अयोध्या। 14 वर्ष के वनवास के उपरांत भगवान भरत की प्रतीक्षा आज समाप्त हुयी.जैसे ही प्रभु श्रीराम के चरण भरत की कुटिया के बाहर पड़े, भगवान भरत सहित उनके आगमन और दर्शन की प्रतीक्षा को आतुर समस्त अयोध्या वासियों की आंखें खुशी से भर आई. अपने प्राणों को त्याग करने की प्रतिज्ञा करने वाले भरत तुरंत ही भगवान के दर्शन को दौड़े आए और उनके चरणों मैं नतमस्तक हो गए. प्रभु श्री राम ने भरत को अपने गले से लगा लिया.समस्त ऋषि– मुनि, देवता, गंधर्व और समस्त अयोध्या वासी भगवान की जयकार करने लगे.यह दृश्य अयोध्या की विभिन्न रामलीला में भरत मिलाप के कार्यक्रमों के हैं. लल्ली देवी टकसाल रामलीला कमेटी के संयोजक कन्हैया अग्रवाल और मंत्री घनश्याम अग्रवाल रामलीला आयोजन की पूरी व्यवस्था को देख रहे थे उनके साथ अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल और समिति के अन्य पदाधिकारी श्री विष्णु कुमार, सचिन अग्रवाल, सूरज नारायण अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, संजय रस्तोगी, गौरव मदनानी, विशाल रस्तोगी तथा दिग्विजय अग्रवाल पूरा सहयोग प्रदान कर रहे थे. वहीं पर चौक कोठापार्चा की रामलीला के अध्यक्ष सिद्धार्थ उपाध्यक्ष आशीष महेंद्रा, महामंत्री राम जी सोनी और धनंजय कौशल की देखरेख में भी भरत मिलाप के यही दृश्य जनता को भाव विभोर कर रहे थे.कोठापार्चा रामलीला के अन्य पदाधिकारी किशन सोनी,राजेंद्र सिंह वैभव, कन्हैया लाल यादव और रवि साहू के साथ भानु प्रताप अग्रहरी आदि तमाम कार्यकर्ताओं के प्रयास से भरत मिलाप का ऐतिहासिक कार्यक्रम संपन्न हुआ.इसी तरह साहबगंज रामलीला के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में भरत मिलाप का भव्य मंचन श्री राम जानकी मंदिर साहब गंज में संपन्न हुआ उनके साथ चंदन गुप्ता, नीरज पाठक सहित तमाम कार्यकर्ता कार्यक्रम को सुचारू ढंग से संपन्न कराने में लगे रहे. रामलीला कमेटी अशोकपुरम जप्ती मैं भरत मिलाप का भव्य मंचन अध्यक्ष केशव प्रसाद मौर्य,महामंत्री संतोष सोनकर, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार, निर्देशक वीरेंद्र प्रताप, शैलेश मौर्य और संचालक ऋषिकेश मौर्य के निर्देशन में संपन्न हुआ जहां पर छोटे–छोटे बच्चों ने अपने अभिनय से भरत मिलाप के कार्यक्रम का सजीव चित्र प्रस्तुत किया।

केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल और केंद्रीय समिति के अन्य पदाधिकारी प्रत्येक रामलीला स्थल पर बारी बारी पहुंचकर व्यवस्था को देखने के साथ आयोज समिति के पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए. केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि मौसम खराब होने के बावजूद ना तो रामलीला समितियों के उत्साह में कोई कमी दिखी और ना ही आम जनमानस के सैलाब को यह विपरीत परिस्थिति रोक पाई. अयोध्या की जनता अपने प्रभु श्री राम के दर्शन को व्याकुल थी, आज 14 वर्ष के पश्चात भगवान का दर्शन करके के उद्देश्य से समस्त अयोध्यावासी प्रसन्नता पूर्वक रामलीला के कार्यक्रमों में शामिल रहे. केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के साथ केशव बिगुलर, राजेश गौड़, बजरंगी साहू, सुनील मौर्य सहित सभी पदाधिकारियों ने जगह जगह प्रभु श्री राम की आरती उतारी।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने किया कोतवाली का निरीक्षण

उन्नाव। बृजभूषण अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान थाना कोतवाली सदर आये। जहां एसपी दिनेश त्रिपाठी एवं शशि शेखर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। थाना कोतवाली सदर पर आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी मीटिंग की गई तथा सभी से त्यौहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। भारी पुलिस बल के साथ थाना कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत मुख्य बाजार में पैदल गश्त की गई। उसके उपरान्त मोहल्ला आदर्श नगर में गंधीनगर तिराहे के पास स्थित रामलीला ग्राउंड एवं मंच का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबन्ध में संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा आदर्श नगर में ही अधिवक्ता बंधुओं द्वारा आयोजित रामलीला स्थल का भी निरीक्षण किया गया। तदोपरान्त जुमे की नमाज को दृष्टिगत रखते हुए मोहल्ला ए0बी0 नगर में स्थित जामा मस्जिद में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर आशुतोष कुमार क्षेत्राधिकारी नगर, विक्रमाजीत सिंह क्षेत्राधिकारी पुरवा, राज कुमार मिश्र प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव, राजेश पाठक प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर एवं अखिलेश चन्द्र पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक गंगाघाट उपस्थित रहे।

# शिक्षको ने ठाना है जिले को नशामुक्त बनाना है

## नशे के खिलाफ शिक्षक प्रदीप वर्मा लगातार मुहिम चलाकर लोगो को कर रहे जागरूक

उन्नाव । पुरवा जनपद उन्नाव में नशा मुक्ति की मुहिम जोरों से चल पड़ी है, शिक्षकों ने इस मुहिम से जुड़कर संकल्प कर लिया है कि जब तक उन्नाव नशामुक्त नहीं होता, हम रुकने वाले नहीं। एआरपीआलोक अवस्थी ने कहा कि नशे से समाज और परिवारों का नैतिक पतन हो रहा है, सामाजिक कुकृत्य और चोरी जैसी हरकतें लगातार बढ़ रही हैं, आज का युवा वर्ग दिखावे और अपने शौक को पूरा करने के लिए नशे की गंदगी में समाता चला जा रहा है, बड़े शहरों में तो जैसे नशा करना ही नशा से बन गया है, बॉलीवुड के अधिकतर सितारे केवल तंबाकू,सिगरेट और शराब का प्रचार कर धनार्जन में लगे हुए हैं, बच्चे इन बातों का अनुकरण कर गर्त की ओर जा रहे हैं, इन्ही विषयों पर गम्भीर चिंतन और गहन विचारोपरान्त गत माह से प्रारम्भ, नशामुक्ति की मुहिम की शुरुआत शिक्षक प्रदीप वर्मा द्वारा की गई, जिसकी प्रशंसा जिलाधिकारी व सदस्य विधान परिषद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा भी की गई है। सञ्जीव संखवार,अखिलेश शुक्ल,ैत्ळ, आलोक अवस्थी, शैलेन्द्र पांडेय समाजसेवी, मदनगोपाल ,योगेश सिंह, प्रद्युम्न शिव दर्शन विद्या सागर,शिव प्रताप,अतुल साहू, विकास गुप्ता, उमेश कनौजिया, कुलदीप शर्म, मनोज वर्मा व जनपद के शिक्षक साथियों ने इस मुहिम में जुड़कर इसे सफल बनाने का बीड़ा उठा लिया है। उन्नाव के पुरवा विकासखण्ड में निपुण भारत मिशन के प्रशिक्षण के दौरान में आलोक अवस्थी द्वारा इस मुहिम में सहयोग करते हुए, खण्डशिक्षा अधिकारी पुरवा शिवेश सिंह व सभी उपस्थित शिक्षकों ने शपथ ली कि ष्आज हम एकजूट होकर नशा मुक्त भारत अभियान के तेहेत एक प्रतिज्ञा लेते हैं की ना केवल हमारे समुदाय, परिवार, दोस्त बल्की खुद को नशा मुक्त बनाएंगे क्योंकि परिवर्तन भीतर से शुरू होता है, इसिलिए आओ मिलकर अपने भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प ले द्य बीइओ ने इस अभियान की प्रशंसा करते हुए मुहिम को जनपद में आरम्भ करने हेतु शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि नशे का खात्मा होना ही चाहिए, भविष्य में उन्होंने प्रदीप वर्मा द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्ति अभियान को अपने हर सम्भव सहयोग हेतु आश्वस्त भी किया। शिक्षकों का उत्साह व मुहिम से जुड़ने हेतु समर्पण जोश से भरा हुआ रहा। शपथ ग्रहण के दौरान खण्डशिक्षा अधिकारी शिवेश सिंह ,आलोक अवस्थी,गौरव वर्मा,जय प्रकाश शर्मा, अमर कांत मिश्रा, प्रदीप सोनकर, दीपक पांडे ,राजे सिंह, निहारिका वर्मा व सैकड़ो शिक्षक उपस्थित रहे।

# विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर दिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर। जिले में पिछले दिनों से बारिश होने से नदियों की जलस्तर बढ़ गया है। वहीं नेपाल देश से पानी लगातार आ रहा है जिस कारण बाढ़ से बढनी ब्लाक के दर्जनों गांव पानी से घिर चुका हैं और आवागमन बाधित हो गया है। अब लोग नाव की सहायता से अपना कार्य करते हैं। बूढ़ी राप्ती नदी दूसरे दिन भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और बढ़त पर है, जबकि राप्ती नदी लाल निशान के करीब पहुंच चुकी है। दूसरे नदियों का भी जल स्तर बढ़ चुका है। इससे बाढ़ प्रभावित क्षेत्र लोगों पर खतरा मंडराने लगा है। शोहरतगढ़ क्षेत्र में बूढ़ी राप्ती, बानगंगा, घोरही नदी व सोतवा नाले का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बढ़नी के खैरी शीतल प्रसाद गांव सहित नकोलडीह जाने वाले मार्ग,पन्नापुर मार्ग व तमकुहवा के मार्ग,बालानगर,तौलिहवा के मार्ग पर पानी बह रहा है। ग्रामीणों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन मार्गों पर नाव की सहायता से आवागमन हो रहा है। इस क्षेत्र के बूढ़ी राप्ती नदी व सोतवा नाले का पानी भी भुतहवा, मटियार, गड़रखा, झुंगहवा आदि गांवों के खेतों में पानी भर चुका है। सूत्रों के हवाले से पता चला कि सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आरके सिंह का कहना है कि नदियों के बढ़ रहे जलस्तर के साथ ही विभागीय लगातार



निगरानी कर रहे हैं। संवेदनशील स्थिति से निपटने के लिए तैयारी की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने दौरा किया और पीड़ित परिवार का हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि हर वर्ष यह इलाका बाढ़ की कहर की सामना करता है। इस बीच में फसल बर्बाद होने के साथ घर बह और टूट जाता है। मैं प्रशासन और सरकार द्वारा कोई ठोस कार्य इस क्षेत्र में किया जाए इसके लिए प्रयास करूंगा। अपने सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए हर संभव विकास कार्य के लिए प्रयासरत हूँ। कोई भी किसी को समस्या है तो मुझे तत्काल सूचित करें ताकि उस समस्या का फौरन समाधान कर सकू। मैन संबंधित अधिकारियों को सूचना दे दिया कि अधिक से अधिक लाभ लोगों मिले।कथित तौर पर कहा जाता है कि लोगों द्वारा केवल बाढ़ के समय में लाई, सब्जी, बिस्किट, दवा देकर चले जाते हैं। फसल मुवाजा तो केवल कागजो में सिमट कर रह जाती है। आम जनता तक नहीं पहुँचता है। हमारा क्षेत्र, गरीबों की बस्ती हैं यहाँ पर न शुद्ध चिकित्सा मिलती है और न ही रोजागर जिससे हमारा जीवन चल सके। लेखपाल भी केवल कोरम पूरा करके चले जाते हैं। लोगों ने विधायक जी से कहा कि हम लोगों की समस्या समाधान के लिए सरकार और प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। जीससे हम लोगों का जीवन यापन हो सकें। इस दौरान महेश चंद्र वर्मा, रवि शुक्ला, मो सफात, सुग्रीम चौधरी, पत्रकार सद्दाम खान, अल्ताफ, जय प्रकाश, अब्दुल रहमान आदि लोग मौजूद रहे।

## एलए संघ के जिलाध्यक्ष बने डीएन मणि व मन्त्री बुद्ध प्रकाश बनें

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश प्रयोग शाला सहायक एसोशिएशन



जनपद शाखा सिद्धार्थनगर के द्विवार्षिक चुनाव में डीएन मणि त्रिपाठी अध्यक्ष एवं बुद्ध प्रकाश को मन्त्री निर्वाचित घोषित किया गया। शनिवार को मेडिकल कालेज के सभागार में पूर्व सूचना के अनुसार चुनाव हुआ।चुनाव अधिकारीध्डीपीए के मन्त्री डॉ गोविन्द ओझा के देख रेख में चुनाव हुआ जिसमें डीएन मणि त्रिपाठी अध्यक्ष, अनिल कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण कान्त पाण्डेय उपाध्यक्ष, बुद्ध प्रकश मंत्री, प्रेमचन्द गौड़ कोषाध्यक्ष, विपिन कुमार श्रीवास्तव सम्प्रेक्षक,कलीमुद्दीन खान मीडिया प्रभारी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार त्रिपाठी ने पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष वाई0के0द्विवेदी, जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय, डीपीए अध्यक्ष वाई0पी0यादव, एसपीएम त्रिपाठी, डीपी मिश्रा, विजय वर्मा, विजय पासवान आदि उपस्थित रहे।

## 132 के0वी0 डुमरियागंज पर अवर अभियंता का विदाई समारोह

दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर/सिद्धार्थनगर। शनिवार को डुमरियागंज क्षेत्र में स्थित



132के0वी0 पावर हाउस पर अवर अभियंता का विदाई समारोह के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अवर अभियंता मनोज कुमार का विदाई समारोह का आयोजन हुआ, इस अवसर पर मनोज कुमार ने कहा कि यहां सभी के साथ काम करने में बहुत अच्छा लगा,सभी स्टाफ के लोग परिवार जैसे व्यवहार करते थे सभी को बहुत याद करूंगा। इस अवसर पर विभाग के सभी लोगों ने फूल माला पहना कर विदाई दी। इस मौके पर सुमेर प्रशाद अवर अभियंता, विनीत कुशवाहा अवर अभियंता वितरण उपकेन्द्र परिचालक लालजी शर्मा, नरेन्द्र कुमार, देवेन्द्र प्रसाद, संजय गिरि, जितेन्द्र कुमार, शिव कुमार, राजेन्द्र प्रसाद चौबे, अशोक कुमार, जय मोहन, सुर्य प्रकाश दिवेदी, अमित कुमार, श्री राम, अप्पू आदि लोग उपस्थित रहे।

## बांसी कोतवाली में समाधान दिवस का हुआ आयोजन

### डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, राजस्व व पुलिस को शिकायतों का समय से निस्तारण करने के दिए निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी/सिद्धार्थनगर। कोतवाली में समाधान दिवस का हुआ आयोजन। डीएम व एसपी ने सुनी शिकायतें, राजस्व व पुलिस को शिकायतों का समय से निस्तारण करने के दिए निर्देश। मोके पर थाना समाधान दिवस में कुल दो मामले प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर दोनों का निशान कर दिया गया। बांसी कोतवाली में शनिवार को समाधान दिवस का हुआ आयोजन जनपद सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के द्वारा थाना कोतवाली बांसी पर थाना समाधान दिवस में आए हुए सभी फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को बड़े ही ध्यान पूर्वक सुना गया। साथ ही उनका निराकरण करने हेतु राजस्व और पुलिस टीम को निर्देशित किया गया है। तथा लंबित सभी प्रार्थना पत्रों का





यथाशीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिया गया। दूर–दराज से पहुंचे ग्रामीण जिले कि डीएम संजीव रंजन और एसपी अमित कुमार आनन्द ने समाधान दिवस में दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए हुए सभी फरियादियों की जन समस्याओं और शिकायतों को सुना। जिसके बाद गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

**अधिकारियों को दिए गए जरूरी दिशा–निर्देश**

*दैनिक बुद्ध का संदेश*

*बांसी/सिद्धार्थनगर। वहीं बांसी क्षेत्राधिकारी देवी गुलाम सिंह के द्वारा थाना कोतवाली बांसी में आए हुए फरियादियो की जन समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान तहसीलदार बांसी संजीव दीक्षीत सहित प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश श्रीवास्तव वह तहसील बांसी के समस्त राजस्व निरीक्षक सहित तमाम फरियादी मौजूद रहे।*

## राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन एवं चुनाव सोमवार को

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का ग्यारहवा द्विवार्षिक अधिवेशन एवं चुनाव माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज के सभागार में 10 अक्टूबर सोमवार को आयोजित है। अधिवेशन का उद्घाटन जिलाधिकारी संजीव रंजन करेंगे। मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक बाँसी राजा जय प्रताप सिंह, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द माधव, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, प्राचार्य मेडिकल कालेज डॉ0ए0के0झा, सीएमओ डॉ0वीके अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। समापन राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष सुरेश रावत, प्रान्तीय महामंत्री अतुल मिश्रा, अध्यक्ष उ0प्र0बेसिक हेल्थ वर्कर संघ धनन्जय त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष मातृ शिशु कल्याण कर्मचारी संघ मीरा पासवान उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन को सफल बनाने के लिये जिलाध्यक्ष आशोक त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, जिलामंत्री शिवाकांत पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष वाई0के0द्विवेदी, डीपीए अध्यक्ष वाई0पी0यादव, मन्त्री गोविन्द ओझा आदि कर्मचारियों के सम्पर्क में लगे हुए।

## मण्डल इकाई बैठक हुआ संपन्न

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका ब्लॉक में स्नातक विधानसभा चुनाव हेतु भाजपा द्वारा मण्डल बैठक किया गया जिसमे



मुख्य अतिथि में मण्डल प्रभारी राजू शाही रहे वही होने वाले स्नातक विधानसभा को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी बैठक तेज की है राजू शाही ने कहा कि स्नातक विधानसभा जो भी छात्र ग्रेजुएशन किए रहेंगे वही फॉर्म भर सकते है जो छात्र 3 साल के पहले ग्रेजुएशन किए रहेंगे वही भरेंगे भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा गया कि ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाए जिससे भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को जिताया जा सके। इस बैठक में उपस्थित–मण्डल अध्यक्ष जगदीश जायसवाल, भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री बिंदु मती मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान, सरोज शुक्ला, सत्यम पांडेय, आदर्श कुमार पांडेय, मंतू लोहार आदि लोग रहे उपस्थित।

## सवा तीन साल बाद मिला गायब बोलेरो

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। मुकामी थानाक्षेत्र के ग्राम मैनखाही निवासी रामचन्दर वर्मा का बोलेरो वर्ष 2019 में गायब हो गया है। लगभग सवा तीन साल बाद पुलिस की सहायता से उन्हें उनका खोया हुआ गाड़ी मिला है। इससे उनका परिवार काफी खुश है। एक बातचीत में रामचन्दर वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में वह अपने परिवार के साथ प्रयागराज संगम पर कुंभ मेला में स्नान करने गये थे। गाड़ी को पार्क में लगा दिये थे और उन्हें जमा पर्ची भी मिला था। मेला से वापस जब वह स्टैंड में पहुचे तो गाड़ी गायब थी। थक हारकर वह जिला प्रयागराज थाना सोरांव में 4 फरवरी 2019 को अपने गाड़ी संख्या यूपी 55 यू 7879 बोलेरो सफेद रंग डीआई के गायब होने का प्राथमिकी दर्ज कराए। काफी खोजबीन के बाद



गाड़ी का पता नही चला 3 वर्ष बीत गया। एक दिन अचानक उसका बाजार पुलिस का उनके मोबाइल नंबर पर फोन आया। पुलिस ने गाड़ी गायब होने की जानकारी लिया। तब बताया कि झारखंड में पुलिस को एक लावारिस गाड़ी मिली है जिसका चेचिस नंबर ट्रेस करने पर आपका नाम एवं पता मिला है। रामचन्दर वर्मा थाना सोरांव जिला प्रयागराज के पुलिस के साथ झारखंड के थाना विष्ट नगर जिला चेतरा पहुँचे। सोरांव पुलिस जरूरी प्रक्रिया न्यायालय से पूर्ण कराने के बाद 27 सितंबर को 2022 को गाड़ी रामचन्दर वर्मा को सौप दिया। अब गाड़ी मिलने की आशा छोड़ चुके परिवार को गाड़ी मिल जाने से काफी खुशी है। रामचन्दर वर्मा के परिवार में गाड़ी का पुनः पूजन करवाने के बाद इसके प्रयोग करने की सहमति बनी है। क्षेत्रीय लोग भी इस उपलब्धि से काफी खुश है। लोग कह रहे है कि आज के विज्ञान युग मे अपराध एवं अपराधियों पर शिकंजा कसता जा रहा है।

## शौचालय पर तैनात कर्मी से लोगों ने की मार पीट

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार/सिद्धार्थनगर। उसका बाजार थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहास जनूबी में स्थित आदर्श सार्वजनिक शौचालय में कार्यरत केयर टेकर चंद्रिका पुत्र बेचन कार्य करते हैं।जहाँ पर दिन में दस बजे जाकर गांव के ही रहने वाले राकेश पुत्र लालमन ने शौचालय का ताला तोड़ने लगा।इस पर चंद्रिका ने मना किया कि क्यों शौचालय का ताला तोड़ रहे हो। इतना सुनते ही उक्त को गाली गलौज देते हुए लात,घूसा और चप्पल से मारने पीटने लगा। इसके अलावा वर्तमान ग्राम प्रधान को भी भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। राकेश यह भी धमकी दे रहा था कि तुम यहाँ केयर टेकर का काम छोड़ दो, मुझे केयर टेकर का काम करने दो नहीं तो तुझे जान से मार देंगे। ग्राम प्रधान ने आरोप लगाया है कि उक्त स्थान से मोटरपंप और तार भी इन्ही लोगों ने गायब किया है।जिसके सम्बंध में ग्राम प्रधान ने लिखित प्रार्थना पत्र थानाध्यक्ष को देकर अनुरोध किया है कि उक्त व्यक्ति के खिलाफ जाँच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। जिससे प्रार्थी को न्याय मिल सके।

## ग्रामीणों के लिए पानी से भरा सड़क पार करना हुआ मुश्किल



दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार/सिद्धार्थनगर। सोहास मोहाना मार्ग पर स्थित महदेवा बाजार के सटे दक्षिण तरफ सरपट सड़क होने के वजह से उसमें बरसात का पानी भर गया है। जिसमें घुसकर आना जाना राहगीरों की मजबूरी हो गया है।

- **जनप्रतिनिधि बदलते रहे,लेकिन सड़क की वैसे नीचा ही रह गया**
- **राहगीरो को घुस कर आना जाना उनकी मजबूरी हो गयी है**

सोहास मोहाना मार्ग पर स्थित महदेवा बाजार के दक्षिण तरफ तीन दशक पहले बाढ़ का पानी निकलने के लिए सड़क को खोद कर नीचा करते हुए सरपट सड़क बना दिया गया था। तब से अबतक उक्त सड़क उसी हालत में सरकारें बदली, बरसात का पानी ही इकट्ठा होता है। सड़क के एक तरफ भूमि मालिक अपने जमीन को घेर दिए हैं। दूसरी तरफ गड्ढा है। जिसके वजह से राहगीर उसी में घुस कर आना जाना उनकी मजबूरी हो गयी है। क्योंकि इसके अलावा उसके इर्द गिर्द कोई दूसरा बाई पास भी नहीं है। पानी में घुस कर आने जाने के वजह से कई लोग गिरकर चोटिल भी हो गए हैं। जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं।

## एड्स क्लाइंटो के सहायतार्थ जिला अस्पताल में किया गया,दान उत्सव का आयोजन

### एड्स क्लाइंटो के सहयोग के लिए यूपीएनपी प्लस व विहान के निर्देश पर आयोजित हुआ दान उत्सव

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। क्लाइंटो को किया गया राशन किट का वितरण और उनके बच्चों को भी लिखने, पढ़ने व खेलने के लिए दिया





गया कापी–पेन एवं खिलौने। यह कार्यक्रम सीएससी व एआरटी सेन्टर सिद्धार्थनगर के कर्मचारियों एवं चन्द्राकान्ता ग्रामों उद्योग सेवा संस्थान के सहयोग से किया गया आयोजन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्साधिकारी डॉ० एफ० ए० एम० गौसी द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का किया गया शुभारंभ इस दौरान प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर कामरान सिद्दीकी, सलीम सिद्दीकी, अरुण कुमार त्रिपाठी , अजय यादव, जय प्रकाश सिंह, सिद्धेश्वर पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, किरन अग्रहरि ,रूपम सिंह, राजेश्वर कुमार, प्रदीप त्रिपाठी, धर्मेंद्र आदि की उपस्थिति रही।

# सम्पादकीय

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के इस एतिहासिक कथन पर ध्यान दीजिए कि हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। यदि हिंदुओं के नाम पर बना संगठन–हिंदू महासभा– ऐसा बर्ताव करे, जैसा कि इस्लाम के नाम पर अरब आक्रामक बादशाह और ईसा के नाम पर रोम के पोप किया करते थे तो ...**

## गांधीजी का अपमान क्यों?



कोलकाता के दुर्गा–पूजा पंडाल में असुर की जगह एक ऐसा चित्र लगा दिया गया, जो एकदम गांधीजी की तरह दिखाई पड़ता है। यह चित्र अ.भा. हिंदू महासभा की बंगाल शाखा ने लगाया है। हिंदू महासभा के नेताओं ने कहा कि वह असुर गांधी–जैसा दिखता है तो हम क्या करें? यह तो जो हुआ है, वह संयोगवश हो गया है? इन नेताओं की इस सफाई पर कौन विश्वास करेगा? लेकिन इस बात से यह सिद्ध हो रहा है कि ये लोग दब्बू और कायर हैं। झूठे भी हैं। यदि वे अपने आप को हिंदू कहते हैं तो वे वास्तव में दुनिया के हिंदुओं को शर्मिंदा कर रहे हैं। वे क्या यह नहीं सिद्ध कर रहे हैं कि हिंदुत्व के नामलेवा लोग डरपोक और कायर होते हैं? वे अपने आप को नाथूराम गोड़से का प्रशंसक कहते हैं लेकिन अगर गोड़से जिंदा होता तो वह भी इन पर थूक देता। वह इनसे कहता कि मैं तुम्हारी तरह कायर होता तो गोली–चलाने के बाद भाग खड़ा होता या अदालत में झूठ बोलने लगता और दावा करता कि मैंने गांधी को नहीं मारा। बंगाली हिंदू सभाइयों ने गांधीजी को असुर या राक्षस बताने की जो कोशिश की है, वह पहली और एक मात्र नहीं है। गांधीजी की प्रतिमा को कई लोगों ने भारत और विदेशों में भी भंग किया है और ग्वालियर में गोड़से की मूर्ति भी बनाई गई है। अदालत में दिए गए गोड़से के बयान को पुस्तक के रूप में छपाकर गुपचुप बांटा भी जाता है। इसके मूल में दो तत्व काम कर रहे हैं। एक तो मुस्लिम–विरोधी भाव और दूसरा कांग्रेस से घृणा! जहाँ तक आज की कांग्रेस का सवाल है, उसका महात्मा गांधी से कुछ लेना–देना नहीं है। वह फिरोज–इंदिरा गंधी (गांधी नहीं) परिवार है। आपको उससे भिडना है तो जरूर भिड़ें लेकिन गांधीजी पर बरसने का कोई कारण नहीं है। जहां तक मुस्लिम–घृणा का सवाल है, पिछले 75 साल में भारत बहुत बदल गया है। उसमें न तो कोई मुस्लिम लीग है और न ही कोई जिन्ना है। अब मुस्लिम लीग को टक्कर देने के लिए किसी हिंदू महासभा की जरुरत भी नहीं रह गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के इस एतिहासिक कथन पर ध्यान दीजिए कि हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। यदि हिंदुओं के नाम पर बना संगठन–हिंदू महासभा– ऐसा बर्ताव करे, जैसा कि इस्लाम के नाम पर अरब आक्रामक बादशाह और ईसा के नाम पर रोम के पोप किया करते थे तो अब आप वैसा ही करके क्या भारत या हिंदुत्व की प्रतिष्ठा बढ़ा रहे हैं? गांधीजी मनुष्य थे। गलतियां उनसे भी हुई हैं लेकिन गांधी जैसा मनुष्य इस पृथ्वी पर कोई दूसरा अभी तक तो पैदा नहीं हुआ है, उसे आप श्राक्षसश्य या श्असुरश्य बताकर दुनिया को क्या संदेश देना चाहते हैं? आपके कुछ भी कहने से गांधी का तो कुछ भी नहीं बिगडने वाला है लेकिन जो आक्षेप आप गांधी पर लगा रहे हैं, क्या वह आप ही चस्पां नहीं हो रहा है?

## कुछ व्यावहारिक सवाल हैं

सरकार के लिए हिंदी में एमबीबीएस महज प्रचार का मुद्दा नहीं है, तो उसे समान शिक्षा और समान स्वास्थ्य सुविधा की नीति भी अपनानी चाहिए। वरना, आशंका है कि हिंदी माध्यम से पढ़ कर निकले डॉक्टरों की असल छवि कंपाउंडर जैसी बनी रह जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने एलान किया है कि अगले महीने से देश के 16 अटल विश्वविद्यालय हिंदी में एमसबीबीएस की पढ़ाई शुरू कर देंगे। पहली बात यह स्पष्ट कर लेने की है कि ऐसा करने में कोई सैद्धांतिक बाधा नहीं है। रूस लेकर चीन और जर्मनी से लेकर फ्रांस जैसे दुनिया के अनेक देशों में मेडिकल–इंजीनियरिंग की शिक्षा वहां की अपनी मातृषाभा में दी जाती है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि ये पढ़ाई हिंदी या तमिल, बांग्ला या मलयालम में ना हो सके। लेकिन यह भी अवश्य स्पष्ट कर लिया जाना चाहिए कि उन देशों में पढ़ाई–लिखाई का मुख्य माध्यम और सर्वश्रेष्ठ विकल्प आरंभ से ही मातृभाषा होती है। ऐसे में पढने और पढ़ कर निकलने वाले छात्रों को अवसर की किसी असमानता का सामना नहीं करना पड़ता। भारत में आरंभ से आज तक अंग्रेजी और देसी भाषा के माध्यमों के बीच अवसर, महत्त्व और संभावनाओं की खाई न सिर्फ बनी हुई है, बल्कि चौड़ी होती गई है। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि वर्तमान नरेंद्र मोदी सरकार ने इस परिघटना को पलटने की कोशिश की हो। ऐसे हिंदी माध्यम से डॉक्टरी करके निकले छात्रों और करोड़ों की फीस देकर प्राइवेट कॉलेजों से निकले छात्रों के बीच अवसर और महत्त्व की समानता वह कैसे सुनिश्चित करेगी, इसे उसे अवश्य स्पष्ट करना चाहिए। दरअसल, ऐसे प्रयोग सफल होने की एक अनिवार्य शर्त यह है कि स्वास्थ्य क्षेत्र की आज की प्राथमिकताओं में आमूल परिवर्तन किया जाए और सार्वजनिक क्षेत्र को इसमें सर्व–प्रमुख भूमिका दी जाए। तभी मातृभाषा में पढ़ाई करने वाले डॉक्टरों को नौकरी और कर्त्तव्य निर्वाह के उचित अवसर मिल सकेंगे। वरना, आज की संस्कृति के बीच प्राइवेट अस्पताल और नर्सिंग होम उन्हें खुल कर गले लगाएंगे, इसकी संभावना बेहद कम है। इसलिए अगर सरकार के लिए हिंदी में एमबीबीएस महज प्रचार पाने का एक मुद्दा नहीं है, तो उसे समान शिक्षा और समान स्वास्थ्य सुविधा की नीति भी अपनानी चाहिए। वरना, इस आशंका में दम है कि हिंदी माध्यम से पढ़ कर निकले डॉक्टरों की असल छवि कंपाउंडर जैसी बन जाए और आम लोगों का अंग्रेजीदां डॉक्टरों पर ही असल भरोसा बना रहे।

## मैंने आपका नमक खाया है सरदार!

**मगर, प्रधानमंत्री मोदी को शायद याद न हो कि नील की तरह नमक भी इस देश में शोषण और दमन का प्रतीक रहा है। नीलहा किसानों की मुक्ति के लिए चंपारण में आंदोलन हुआ, तो नमक कघनून के विरोध में दांडी मार्च भी उसी साबरमती के संत ने किया था। नील को लेकर इस देश में मुहावरे उतने नहीं बन पायें, मगर नमक को देखिये, फिकरेबाजी में क्या–क्या स्वाद रचे हैं। नमक आधारित बोल का ...**

पुष्परंजन

भारत से 55 देशों को नमक का निर्यात होता है। नमक उत्पादन में अमेरिका और चीन के बाद भारत तीसरे नंबर पर है। लगभग तीन करोड़ टन। कारोबारी इसे कृषि का दजा ́देते हुए, न्यूनतम समर्थन मूल्य सरकार से चाहते हैं। मगर, नक्कारखाने में तूती की आवाज कोई सुनता है क्या? नौमाह पहले एक घटनाक्रम की याद दिलाता हूं। 20 फ रवरी 2022। यूपी चुनाव चरम पर था। प्रधानमंत्री मोदी हरदोई की जनसभा में भाव विह्वल थे। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा– श्कल सोशल मीडिया पर मैंने एक वीडियो देखा। आज मेरा मन करता है कि वो बात मैं बताऊं कि मैंने क्या देखा। बताऊं ना?...बताऊं ना? मैं चाहता हूं कि आपके सामने खासकर के ये बात मेरे दिल को छू गई है, इसलिए मैं बताना चाहता हूं। उस वीडियो में एक बहुत ही बुजुर्ग गरीब महिला को बोलते हुए सुना। उसने कहा, चुनाव फ लाना तारीख को है। हमने नमक खाया है, हम धोखा नहीं देंगे। एक बुजुर्ग अनपढ़ मां से पत्रकार फिर पूछता है, श्किसका नमक खाया है? किसे धोखा नहीं दोगी? उस मां ने कहा, मोदी का नमक खाया है। उस बुजुर्ग महिला के साथ उनके पति भी बैठे थे, उस मां ने जो कहा, उनके पति ने भी समर्थन दिया। हां में हां मिलाई। फिर उस महिला से पूछा गया कि मोदी ने ऐसा क्या किया है? साथियों, उस बुजुर्ग गरीब मां ने जो उत्तर दिया, उसे मैं भूल नहीं सकता। उस मां ने कहा, श मोदी, राशन दौ हमें।श फिर दोबारा कहा मां ने, श्मोदी राशन दौ हमें।श फिर मां ने बताया कि कितना राशन उनके परिवार को मुफ्त मिल रहा है। वो मां मुझसे कभी मिली नहीं है, मेरा सौभाग्य है कि वो मां मुझे इतना आशीर्वाद दे रही है।श वह गांव की अनपढ़, बुजुर्ग महिला थी, जिनकी चर्चा प्रसंगवशरू प्रधानमंत्री मोदी कर रहे थे। चुनावी मंच पर ऐसी चर्चा मानीखेज होती हैं। शलिख लोढा पड़ पत्थरश मार्का भावुक वोटर यह नहीं जानना चाहता कि उसे जो मुफ्त में प्राप्त हुआ, वह किसी नेता की निजी संपत्ति से दिया दान नहीं है, टैक्स पेयर्स का पैसा है। अब पढ़े–लिखे पर आते हैं। हमारे देश की वर्तमान राष्ट्रपति भुबनेश्वर के रामादेवी वीमेंस कॉलेज से बीए पास महिला हैं। कुछ वर्षों उन्होंने राज्य के सिंचाई विभाग में जूनियर असिस्टेंट पद पर काम किया था, कालांतर में रायरंगपुर में शिक्षिका भी रही थीं। मतलब, माननीया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू साक्षर हैं। प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल डबल एमए, और एलएलबी थीं। हमारी दूसरी महिला राष्ट्रपति मुर्मू ग्रेजुएट। उस पद पर विराजमान विदुषी से देश को अपेक्षा रहती है कि वो जो कुछ बोलेंगी, संपूर्ण राष्ट्र के लिए संदेश होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर गुजरात गईं थीं। वहां उन्होंने अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, वनवासी विकास जैसी 1 हजार 330 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। यह तो राष्ट्रपति कार्यालय को आकलन करना था कि गुजरात में चुनावी माहौल है, और यह सब करने से उसके राजनीतिक निहितार्थ क्या निकलने वाले हैं। मगर, जहां जो गड़बड़ हुआ, वह है चार अक्टूबर को राष्ट्रपति मुर्मू का दिया भाषण। गांधीनगर के मंच पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, श्भारत दुग्ध उत्पादन एवं उपभोग की दृष्टि से पहले नंबर पर है। गुजरात में दुग्ध सहकारी संगठनों द्वारा लाई गई श्वेत क्रांति इसमें एक अहम भूमिका निभाती है। गुजरात देश के 70 फीसद नमक का उत्पादन करता है। ये कहा जा सकता है कि सभी देशवासी गुजरात का नमक खाते हैं।श उस अवसर का विजुअल गौर से देखिये, तो राष्ट्रपति मुर्मू ने हँसते हुए नमक वाली बात कही थी। आप में यदि श्सेंस ऑफ ह्यूमरश है, तो उसका आनंद लीजिए, वरना वह शब्द बहुतों का खुन्नस निकालने का अवसर देता है। किसी को यह कहना कि आपने मेरा नमक खाया है, मतलब आप उसके कृपापात्र रहे हैं। नमक खाया है, तो नमक का हक अदा कीजिए। इसके निहितार्थ यही निकलते हैं। मुसलमान से मुसलमान पर या फिर अनुसूचित पर उन्हीं के जैसों से हल्ला बोल करवाना हिन्दुस्तान की राजनीतिक फितरत का अब हिस्सा बन चुका है। अब मालूम नहीं यह स्वतरूस्फूर्त था, या सुनियोजित, मगर कांग्रेस नेता डॉ. उदित राज अपने ट्विट में का+फी कठोर शब्दों में राष्ट्रपति मुर्मू की निंदा कर गये। अपने ट्विट में उदित राज ने लिखा, श द्रौपदी मुर्मू जी जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागिरी की भी हद है। कहती हैं, 70 प्रतिशत लोग गुजरात का नमक खाते हैं। खुद नमक खाकर जिदगी जिएं तो पता चलेगा।श सोलहवीं लोकसभा में बीजेपी सांसद रह चुके उदित राज, श्ऑल इंडिया एससी एसटी परिसंघश के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के सदस्य भी हैं। उन्हें इसका अंदाजा था कि इस ट्विट से आग लगेगी। तभी उन्होंने तुरंत स्पष्ट किया था कि यह मेरा निजी बयान है, इसका कांग्रेस से कोई लेना–देना नहीं। मगर, उससे क्या होता है? बीजेपी प्रवक्ता से लेकर सड़क पर बेलगाम लुंपन एलीमेंट को बस एक अवसर चाहिए था, ताकि वो भारत जोड़ो यात्रा की बौखलाहट को कम कर सके। टीवी और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर दे दनादन हमले हुए। एक दिन पहले दशहरा के अंतिम दिन बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी। बुराई फिर से गाली–गलौज के रूप में प्रस्तुत होने लगी। लोग भूल गये कि उदित राज अनुसूचित जाति से हैं। जैसे उदित राज आवेश में भूल गये थे कि राष्ट्रपति मुर्मू महिला हैं, अनुसूचित जनजाति से हैं। डॉ. उदित राज, नमक वाले इश्यू पर शालीनता से प्रतिरोध व्यक्त करते तो शायद सभ्य समाज को समझने का अवसर भी मिलता। श्मुर्मू जी जैसा राष्ट्रपति किसी देश को न मिले। चमचागिरी की भी हद है।

**वे पार्टी की जरूरतों को और आलाकमान की इच्छा को समझते हुए काम करेंगे। पार्टी का वास्तविक सत्ता केंद्र सोनिया और राहुल गांधी होंगे लेकिन खडगे उनके साथ संपूर्ण सामंजस्य बैठा कर काम करेंगे। इस समय कांग्रेस की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि पार्टी के अंदर कोई बड़ा टकराव न हो और पार्टी एकजुट दिखे। खडगे से यह मैसेज बनेगा। वे स्ट्रीट फाइटर हैं इसलिए जहां भाजपा को सड़क ...**

## कांग्रेस को खडगे जैसा ही अध्यक्ष चाहिए

अजीत द्विवेदी

देश की सबसे पुरानी पार्टी को इस समय जैसा अध्यक्ष चाहिए था वैसा अध्यक्ष मिलने जा रहा है। कांग्रेस को शशि थरूर जैसे अध्यक्ष की जरूरत नहीं है और न दिग्विजय सिंह और अशोक गहलोत जैसे अध्यक्ष की जरूरत है। उसे मल्लिकार्जुन खडगे की जरूरत है। हालांकि कांग्रेस के काफी लोग इससे अलग सोच रखते हैं। उनका कहना है कि खडगे 80 साल के हो गए हैं। उन लोगों ने मजाक भी बनाया है कि 75 साल की सोनिया गांधी के उत्तराधिकारी 80 साल के खडगे हैं! उनकी सेहत भी बहुत अच्छी नहीं है। वे दक्षिण भारत से आते हैं। उनके साथ भाषा की भी कुछ न कुछ समस्या है। वे मोदी से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। वे बहुत डायनेमिक नहीं हैं और बहुत मेहनत नहीं कर पाएंगे। वे कांग्रेस में नई जान फूंकने लायक नहीं हैं आदि आदि। लेकिन ऐसी तमाम बातें कहने वाले लोग या तो केंद्रीय बिंदु को पूरी तरह से मिस कर रहे हैं या कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर खडगे की मौजूदगी को बहुत सीमित या पूर्वाग्रह वाले नजरिए से देख रहे हैं।

खडगे को बतौर अध्यक्ष सिर्फ इस नजरिए से देखना चाहिए कि कांग्रेस को अभी कैसे अध्यक्ष की जरूरत है? कांग्रेस को एक ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो कांग्रेस की राजनीति के कोर बिंदुओं को समझता हो, जो कांग्रेस संगठन के बारे में जानता हो, जिस पर आलाकमान को सौ फीसदी भरोसा हो, जो हर समय कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध हो और जो पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सारी बातों को धीरज के साथ सुने और आलाकमान के हिसाब से काम करे। कांग्रेस को ऐसा अध्यक्ष चाहिए, जिससे आंतरिक लोकतंत्र का भ्रम रचा जा सके और लोगों को उस पर यकीन भी दिलाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी ने जेपी नड्डा के जरिए ऐसा ही भ्रम रचा है और देश के लोग उस पर यकीन भी करते हैं। असल में फिल्मों की तरह राजनीति भी लोगों को यकीन दिलाने की कला का नाम है। फिल्मों की तरह राजनीति के दांव–पेंच देखते हुए भी लोग स्वेच्छा से सामान्य बुद्धि को किनारे रख देते हैं। बहरहाल, खडगे की सबसे बड़ी ताकत उनका अनुभव है। उन्होंने गुलबर्ग शहर के कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और यह उस साल की बात है, जब सोनिया गांधी को भारत आए हुए महज एक साल हुए थे। खडगे ने 1969 में राजनीतिक सफर शुरू किया। इसके तीन साल बाद 1972 में वे पहली बार विधायक बने और 2019 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो बीच में कोई भी चुनाव नहीं हारे। यानी 47 साल तक अपराजेय बने रहे! नौ बार विधायक और दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। वे शहर कांग्रेस से शुरू करके प्रदेश अध्यक्ष बने और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। वे विधायक रहे, राज्य सरकार में मंत्री रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे, लोकसभा सदस्य रहे, केंद्र सरकार में मंत्री रहे, लोकसभा में पार्टी के नेता रहे और फिर राज्यसभा में भी पार्टी के नेता बने। सो, कांग्रेस के बुनियादी मूल्यों को, पार्टी की राजनीति को और संसदीय राजनीति की जरूरतों को उनसे बेहतर भला कौन जानता होगा! खडगे दलित समाज से आते हैं और बौद्ध धर्म को मानते हैं। वे बुद्ध के अनुयायी हैं इसलिए संयम, संतोष, अपरिग्रह और मध्य मार्ग पर चलना उनके सहज स्वभाव का हिस्सा है। कोई बताए कि कांग्रेस का कौन ऐसा नेता है, जो स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार हो और जिससे एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि तीन तीन बार यह मौका छीन लिया गया हो और, जिसके मुंह से उफ नहीं निकला हो? खडगे वह नेता हैं, जिन्हें 1999, 2004 और 2013 में तीन बार मुख्यमंत्री बनने से रोका गया। इसके बावजूद वे उसी निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस का काम करते रहे। उनकी शिकायतें रही होंगी और हो सकता है कि अपनी पार्टी हाईकमान के सामने उन्होंने शिकायतें रखी भी हों लेकिन उसे उन्होंने कभी भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। राजस्थान में अभी जो हुआ या राज्यसभा की एक सीट की खींचतान में जैसे मध्य प्रदेश की सरकार गई उससे कांग्रेस अध्यक्ष के दो पूर्व दावेदारों और खडगे का फर्क दिखता है। खडगे की क्षमता पर वे ही लोग सवाल उठा रहे हैं, जिन्होंने उनको काम करते नहीं देखा है या जो दक्षिण भारतीय, दलित और 80 वर्ष की उम्र के पूर्वाग्रहों के आधार पर उनको देख रहे हैं। मल्लिकार्जुन खडगे उस समय लोकसभा में कांग्रेस के नेता बने थे, जब कांग्रेस ऐतिहासिक हार के बाद 44 सांसदों की पार्टी रह गई थी। इन 44 सांसदों में से भी आधे हमेशा सदन से नदारद रहते थे। गिने–चुने सांसदों को साथ लेकर लोकसभा में तीन सौ सांसदों के प्रचंड बहुमत वाली भाजपा के साथ जिन लोगों ने भी खडगे को जूझते देखा है, वे उनकी क्षमताओं से परिचित हैं। संसद की बहसों में विचारों की जैसी स्पष्टता खडगे में देखने को मिली वह बेमिसाल है। चाहे संसदीय कार्यवाही हो या लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के नाते कामकाज हो, खडगे ने हर जगह छाप छोड़ी। जहां जरूरत पड़ी वहां उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों के साथ तालमेल बनाया और नीतिगत व वैचारिक स्तर पर भाजपा व केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं लडना है या उनको चुनौती नहीं देनी है। उनको 2024 के चुनाव का नेतृत्व नहीं करना है। सबको पता है कि यह काम राहुल गांधी करेंगे। लेकिन उससे पहले और उस समय भी कांग्रेस को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो पार्टी हाईकमान के लिए आंख और कान का काम कर सके। कांग्रेस को हर समय खुला रहने वाले एक मुंह की जरूरत नहीं है। इसलिए कांग्रेस को शशि थरूर या दिग्विजय सिंह की नहीं, बल्कि खडगे की जरूरत है। वे धीरज के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठें और नेताओं की सारी बातें सुन कर उन्हें यकीन दिलाएं कि उनकी बात सही जगह पहुंचेगी और उनकी शिकायत या सुझाव पर कार्रवाई होगी, तो यह अपने आप में बहुत बड़ी बात होगी। अगर कांग्रेस अध्यक्ष देश के हर राज्य के नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए सहज उपलब्ध हों तो इतने से भी बहुत कुछ बदल जाएगा। अभी अध्यक्ष तो छोडिघ्ए पार्टी के महासचिव भी नेताओं व कार्यकर्ताओं से नहीं मिलते हैं। कांग्रेस को दिए गए अपने प्रजेंटेशन में प्रशांत किशोर ने बताया था कि कांग्रेस के संगठन महासचिव देश के 90 फीसदी जिला अध्यक्षों से नहीं मिले हैं। कांग्रेस की इस संस्कृति को बदलना एक बड़ी जरूरत थी, जो खडगे से पूरी होगी। दक्षिण भारत में खास कर कर्नाटक में उनकी वजह से राजनीतिक लाभ होगा और दलित समुदाय में एक सकारात्मक मैसेज जाएगा, वह अपनी जगह है। यकीन मानिए कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खडगे वैसे ही सफल होंगे, जैसे प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह सफल हुए थे। खडगे बिल्कुल उसी तरह की पसंद हैं, जैसे मनमोहन सिंह थे। कांग्रेस हाईकमान के प्रति सौ फीसदी समर्पित! वे पार्टी की जरूरतों को और आलाकमान की इच्छा को समझते हुए काम करेंगे। पार्टी का वास्तविक सत्ता केंद्र सोनिया और राहुल गांधी होंगे लेकिन खडगे उनके साथ संपूर्ण सामंजस्य बैठा कर काम करेंगे। इस समय कांग्रेस की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि पार्टी के अंदर कोई बड़ा टकराव न हो और पार्टी एकजुट दिखे। खडगे से यह मैसेज बनेगा। वे स्ट्रीट फाइटर हैं इसलिए जहां भाजपा को सड़क पर टक्कर देने की जरूरत होगी वहां भी वे पीछे नहीं रहेंगे। वे संगठन के आदमी हैं, संघर्ष के आदमी हैं!




# बेमौसम बारिश ने किसानों की फिर बढ़ाई मुसीबतें

## खेतों में पककर तैयार खड़ी धान व गन्ने की फसल गिरी

सेवता (सीतापुर)। कुछ दिन पहले बाढ़ बारिश से किसान अभी उभर नहीं पाए थे कि फिर बेमौसम बारिश ने किसानों की मुसीबतें बढ़ा दी है। बुधवार की रात से लगातार कहीं तेज कहीं रिमझिम बारिश जारी है। खेतों में पककर तैयार खड़ी धान व गन्ने की फसल गिर गई है। पानी भरा होने के कारण धान के फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। तीन दिन का काफी भारी बारिश का अलर्ट जारी होने से किसान हलकान हैं। यह सोच कर परेशान है कि इस बार खून पसीने से तैयार की गई। फसल घर आ पायेगी या नहीं पिछले महीने तीन दिन भारी बारिश होने के कारण गांजर क्षेत्र का एक बड़ा भूभाग बाढ़ की चपेट में आ गया था। बाढ़ के कारण गांजरीय क्षेत्र की हजारों बीघा धान और गेहूं की फसल जलमग्न हो गयी थी। हालांकि मौसम साफ होने के बाद से किसानों ने धान की कटाई शुरू कर दी थी। उम्मीद थी कि अब मौसम जल्द खराब नहीं होगा। लेकिन मौसम विभाग ने छह अक्टूबर से आठ अक्टूबर तक भारी बारिश के संकेत दिए है। बुधवार, रात से जिले में बारिश शुरू हो गई है। बेमौसम हो रही बारिश से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। तेज हवाएं भी चल रही है। खेतों में धान की फसल लगभग पककर खड़ी है। किसान धान काटने की तैयारी कर रहे है। लेकिन मौसम की मार ने धान कटाई का कार्य रोक दिया। तेज हवाओं के चलने के कारण धान व गन्ने की फसल खेतों में गिर गई है। धान, गन्ने के अलावा बारिश से केला, मूंगफली व अन्य फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। वहीं उड़द इस समय फूल पर था क्षेत्र में उड़द की फसल इस बार बहुत अच्छी थी। उड़द की फसल का भी भारी नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि तीस प्रतिशत खेतों में धान की फसल तैयार खड़ी थी। किसान कटाई की व्यवस्था में जुटे थे। लेकिन मौसम की मार से खेतों में फसल बिछ गई। पानी भरने से फसल बर्बाद हो रही है। अभी पानी खेतों से निकल भी नहीं पाया था कि एक बार फिर मौसम ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। भारी बरसात की वजह से खेतों में पानी भरा है। तेज हवा में तैयार धान की फसल गिर जाने से धान खेत में ही जम कर खराब हो जायेगा।

# देवी भक्त बारिश पर पड़े भारी, निकाली माता की सवारी

## गाजे बाजे के साथ धूमधाम से हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन

बिसवां नगर (सीतापुर)। देर रात से रुक रुक कर हो रही तेज बारिश के बावजूद बड़े ही हर्षोल्लास के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को पूर्व निधारित कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हो गया। लगातार हो रही बारिश ने माता रानी के भक्तों में जोश भर दिया। सभी भक्त जिनमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थी। बड़े जोश के साथ डी.जे. व भांगड़ा ढोलों की धुनों पर नाचते गाते एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते चल रहे थे। बताते चलें कि विगत दस दिनों से क्षेत्र के मवासेपुर, छठवान, देवरिया खुर्द, नरेन्द्रपुर वह शिहाला आदि गांवों के अलावा जहांगीराबाद में बाबा विमलदास जी की कुटी तथा किवानी नदी के तट पर बने हनुमान मन्दिर के समीप मूर्तियां स्थापित कर दुर्गा पूजा महोत्सव चल रहा था।

बुधवार को सभी गांवों से मूर्तियों को ट्रैक्टर ट्रालियों पर विराजित कर पानी बरसने के बावजूद भारी संख्या में महिलाएं बच्चे व पुरुष डीजे और ढोलों की धुनों पर थिरकते मातारानी के जयकारे लगाते उत्साह के विसर्जन यात्रा में शामिल हुये। विगत दिनों घटित कई घटनाओं को ध्यान में रखते हुये इस बार प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी। विसर्जन यात्रा की भीड़ को दोनों ओर नदी से लगभग दो तीन सौ मीटर पहले ही रोकने का प्रबन्ध किया गया था। नदी में पानी ज्यादा होने के कारण घाट पर कोई अनहोनी न हो इसलिये नदी में लोहे के पाइप बांधकर बैरीकेटिंग भी की गयी थी।

इसके अलावा दो डोंगिया नावें भी लगायी थीं। जो विसर्जित देवी प्रतिमाओं को नदी की बीच धार तक घसीट कर पहुंचाते थे। मौसम को देखते हुए घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था भी की गयी थी। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे पुल पर कांस्टेबल तैनात थे जो लोगों को रैलिंग से दूर हटा रहे थे। वैदिक विधान के अनुसार पूजा आरती के बाद मातारानी के जयकारों के साथ देर शाम एक एक कर लगभग एक दर्जन देवी प्रतिमाओं का विसर्जन सकुशल रेउसा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पतित पावनी किवानी नदी में कर दिया गया।

## लोकल फार वोकल से संबंधित रोजगार मेलें का किया जाये व्यापक प्रचार–प्रसार

सीतापुर। सदस्य प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना राज्य सलाहकार समिति उ०प्र० शासन रविशंकर हवेलकर जनपद सीतापुर में एक दिवसीय भ्रमण पर थे। निरीक्षण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि एससीएसटी के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाये। लोकल फार वोकल से संबंधित रोजगार मेलें का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाये। बैंक में लाभार्थियों को परेशान न होना पड़े। इसके लिये बैंकों की कार्यशैली को पारदर्शितापूर्ण बनाया जाये। उन्होंने बताया कि वर्तमान केन्द्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाएं शोषित एवं वंचितों के कल्याण को समर्पित हैं तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना उ०प्र० अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाएं अब प्रधानमंत्री अनुसुचित जाति अम्योदय योजना के नाम से जानी जायेगी तथा योजनाओं का लाभ अनुसूचित जाति वर्ग को दिया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत सामाजिक असमानता को दूर करने के लिए अनुसूचित वर्ग को योजना ने उद्यमी बनाने की ओर अग्रसर है। अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में मूलभूत सुविधा हेतु जैसे बिजली, पानी, सड़क, सफाई, स्वास्थ, शिक्षा, शौचालय, विद्यालय, निर्माण कार्य कौशल विकास जीविका साक्षारता मिशन के माध्यम से लाभान्वित करना उद्देश्य है। अभ्युदय योजना के द्वारा अनुसूचित जाति के छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग रहने के लिये छात्रावास की सुविधाएं दी जायेगी। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्युत स्पर्शाघात से हीं हुई थी मेराज की मौत

जौनपु।सरपतहां थाना क्षेत्र के बघरवारा गांव निवासी मेराज की मौत के मामले में पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में विद्युत स्पर्शाघात से मौत का होना बताया गया है। ज्ञात हो कि उक्त गांव निवासी मेराज का शव गुरूवार को उसके घर से लगभग 500मीटर दूरी पर तालाब के किनारे मिला था।घटना के सम्बन्ध में मृतक के पास नीचे लटके हुए विद्युत तार को देखते हुए पुलिस की प्रारंभिक जांच में विद्युत स्पर्शाघात से ही युवक के मौत की आशंका प्रकट की गयी थी,लेकिन परिजन हत्या की आशंका जाहिर करते हुए गांव के हीं एक ब्यक्ति पर धमकी देने का आरोप लगा रहे थे।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत विद्युत स्पर्शाघात बताये जाने पर जहां पुलिस ने राहत की सांस ली वहीं युवक की मौत के कारणों का पता लगने से मामले का पटाक्षेप भी हो गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस की शिकायतें की जा रहीं गायब

बिलग्राम/हरदोई। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण एंव सरकारी महकमों की कार्यशैली ठीक कराने के उद्देश्य से समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। किंतु तहसील समाधान दिवस में आम जनता द्वारा दी गई शिकायतों को ही गायब कर दिया जाता है। और कम शिकायत आईं दिखा कर खूब वाह वाही लूटी जाती हैं। परिणाम स्वरूप जनता उच्च अधिकारियों के पास चक्कर काटने के बाद जब काम नहीं होता है तो घर बैठने को विवश हो जाता है। ताजा मामला बिलग्राम तहसील का सामने आया है यहां पर पिछली 19 सितंबर को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था जिसमें जिलाधिकारी को पहुंचना था लेकिन किसी कारणवश वो समाधान दिवस में नहीं पहुंच पाये, उनके अलावा जिले के तमाम उच्चाधिकारियों ने शिरकत की।इसी समाधान दिवस में अपनी पट्टे की जमीन पर कब्जा दिलाये जाने के लिए नबी बख्श भी शिकायती पत्र लेकर 1रू30 मिनट पर वहां पहुंचे लेकिन गेट पर मौजूद मिश्रीलाल ने ये कह कर उन्हें वापस जाने के लिए कह दिया कि पावती रसीद बुक खत्म हो गयी है। अगली बार आना, जब प्रार्थी ने मिन्नतें की तो मोहर लगा कर बाकायदा शिकायत संख्या डाली और उसे अधिकारियों को दे आने के लिए कहा, उसी दौरान एक पत्रकार के द्वारा उस शिकायती पत्र की मोबाइल से फोटो खींच ली गई ,लगभग एक सप्ताह के बाद जब संबंधित विभाग के लेखपाल से उस शिकायत के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ मना कर दिया कि मेरे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं पहुंची, तब जाकर इस गोलमाल का पर्दाफाश हुआ। सूत्र बताते हैं कि हर समाधान दिवस में रसीद बुक खत्म हो गयी। कह कर सैकड़ों शिकायतों को इधर–उधर कर दिया जाता है। या फिर भोले–भाले फरियादियों को घर वापस भेज दिया जाता है। इसी लिए भागदौड़ के बाद भी जब काम नहीं होता तो विवश होकर फरियादी घर बैठ जाता है ऐसा ही नवीबख्श के साथ हुआ है ये अपनी जमीन पाने के लिए पिछले बीस वर्षों से भागदौड़ कर रहे हैं लेकिन भष्ट सिस्टम और लचर प्रणाली के चलते आज भी अपनी जमीन पर हल नहीं चला पाये हैं।

## 11 अक्टूबर तक जरूर ले लें प्रवेश

सीतापुर। बी0ए एवं बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष के समस्त उत्तीर्ण छात्र छात्राओं (कानपुर विश्वविद्यालय) को जानकारी देते हुए कहा कि जो छात्र छात्रा अपना प्रवेश तृतीय वर्ष में अभी तक नहीं ले पाऐ हैं वह 10 और 11 अक्टूबर को महाविद्यालय के चीफ प्राक्टर कक्ष में समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित होकर अपना प्रवेश अनिवार्य रूप से ले लें। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० रजनीकान्त श्रीवास्तव ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि बी०ए० एवं बी०एस०सी० में प्रवेश के लिए यह अन्तिम तिथि रखी जा रही है। क्योंकि फीस जमा करने वाले छात्रों का ही परीक्षा फार्म 20 अक्टूबर तक भर करके विश्वविद्यालय को भेजा जाना अनिवार्य है। जो छात्र छात्रा समय से प्रवेश नहीं लेंगे उनका परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सकेगा। जिसके लिए छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे। प्राचार्य ने बताया कि आज महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दुर्गा भाभी के व्यक्तित्व पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन अर्थशास्त्र विभाग की असि० प्रोफे० डा० अर्चना सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के असि० प्रो० डा० विनोद कुमार ने दुर्गावती देवी (दुर्गा भाभी) के राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डा० देवव्रत सिंह ने किया। इस अवसर पर बी०ए०प्रथम सेमेस्टर के छात्र आशुतोष मिश्रा एवं छात्रा मुस्कान सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम मे भारी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## कई दिन से सर्वर फेल, डाकघर में का काम ठप्प

शाहगंज, जौनपुर। सर्वर फेल होने के कारण डाकघर से भुगतान न हो पाने की वजह से लोग परेशान हैं। त्योहारी मौसम में पैसा न मिल पाने से त्योहार का उल्लास फीका पड़ रहा है।बीते 28 सितंबर से षाहगंज डाकघर का सर्वर फेल है। पांच दिन बीत जाने के बावजूद सर्वर ठीक नहीं हो सका। दूरसंचार विभाग के कर्मचारियों ने सर्वर को लेकर जांच किया। उनका कहना है कि समस्या बेवसाइट से है। जिसको डाकघर का टेक्नीकल विभाग ही सही कर सकता है। नवरात्रि विजय दशमी व भरत मिलाप त्योहारों के में पैसे का भुगतान न हो पाने से लोग खासे परेशान हैं। भुगतान न मिल पाने की वजह से बहुतों का त्योहार फीका रहेगा।सर्वर के फेल होने के संबंध में पूछे जाने पर उप डाकघर प्रभारी प्रिया यादव ने कहा कि तकनीकी खराबी के वजह से भुगतान नहीं हो पा रहा है। वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा।

# भरत मिलाप भव्य शोभायात्रा में उमड़ी भीड़ ,फुहार के साथ छतों से पुष्प वर्षा

हरदोई।श्रीरामलीला मेला मोहल्ला पठकाना की भव्य भरत मिलाप शोभायात्रा ने नगर वासियों का मन मोह लिया। बारिश की हल्की फुहार के बीच जगह जगह श्रद्धालुओ ने स्वागत कर भारी पुष्प वर्षा की, छतों से माताओं बहनों द्वारा पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन करते हुए मंगल गीत गाए गए। भरत मिलाप की शोभायात्रा नगर के निर्धारित मार्गो से निकाली गई तो दर्शकों की इतनी भीड़ बढ़ी कि सड़को, तिराहों,चौराहो,चबूतरों, छतो,अट्टालिकाओं पर तक दर्शक आनंदित हुए। बताते चलें, परम्परागत रूप से नगरपालिका परिषद के सामने से भरत मिलाप शोभायात्रा का शुभारंभ श्री रामलीला समिति द्वारा किया गया। तदनंतर शोभायात्रा रामधुन के साथ आगे बढ़ी और सम्पूर्ण नगर राम मय हो गया। दर्जनों झांकियों एवँ बैंड बाजों समेत शोभायात्रा में बैंड कलाकारों के मास्टर आकर्षण का केन्द्र रहे। सड़क के दोनों तरफ श्रद्धालु भरत मिलाप जुलूस को देखने के लिए उतावले दिखाई दिए। नगर में रंग बिरंगी लाइट जगमगा रही थी। सजे धजे बैंड कारीगर भी जहाँ अपने करतब दिखा रहे थे,वहीं नृत्यांगनाएं भी अपनी आकर्षक अदाओं से युवा वर्ग को काफी आनंदित कर रही थीं, गरुड़ द्वारा नागपाश, गोवधन लीला,महाकाली सरस्वती,मॉ वैष्णों देवी दरबार,श्री राम दरबार, केवट लीला,पंचमुखी हनुमान,शंकर पार्वती, दुर्गाजी,गणेश जी का विराट रुप,शंकर काली सहित करीब 20 झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। इसी के साथ बैड कलाकारों द्वारा बन्दे मातरम के गीत ने तो वास्तव में सबको स्तब्ध कर दिया। इतना जोरदार एवँ इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि हर कोई मंत्रमुग्ध दिखाई दिया। श्री रामलीला सहित भरत मिलाप शोभायात्रा की सफलता के लिए अध्यक्ष संजय मिश्र बबलू, महामंत्री अनुराग मिश्रा मधुप, मंत्री ऋषि मिश्रा, आशीष मोहन तिवारी, सुधीर मिश्रा, दीपक मिश्र , शशि मिश्रा, मुकेश अवस्थी, श्यामजी अवस्थी, दीपक तिवारी, सर्वेश मिश्र, पुष्पेद्र मिश्रा आदि समस्त मेला समिति का योगदान सराहनीय है।

## स्कार्पियो हाइवे के किनारे गड्ढे में गिरी, चार घायल

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के नेवादा गांव के पास हाइवे पर . असन्तुलित स्कार्पियो हाइवे के नीचे दस फुट गहरे गड्ढे में चली गयी। स्कार्पियो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।उन को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। बिहार के गोपालगंज के एक व्यक्ति की तबीयत काफी खराब थी।परिवार के लोग लखनऊ के पास किसी प्राइवेट अस्पताल में उपचार करवाने ले गए थे।वहां से वे लोग सुबह बिहार के लिए निकले।राजमार्ग पर उक्त स्थान पर अचानक असन्तुलित होकर स्कार्पियो गहरे गड्ढे में चली गयी।उसमें सवार लोगों में चीख पुकार मच गयी। स्थानीय कुछ लोग आवाज सुनकर मौके पर पहुंच गए।वहां जाकर 112 नम्बर पुलिस तथा एम्बुलेंस को सूचना दिया।गांव के ही लोगो ने सभी घायलों को किसी प्रकार बाहर निकाला।उसी समय पुलिस तथा एम्बुलेंस भी पहुंच गई। सभी को अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में एक का ही पता चल सका है । उनकानाम देवेन्द्र नाथ शुक्ला है।

## ससुराल आये युवक की संदिग्ध हालत में मौत

जौनपुर। खेतासराय थाना क्षेत्र के मनेछा गांव में दो दिन पहले ससुराल आए एक युवक की ..रात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के गांव से आए लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। आजमगढ़ जिले के अहरौरा थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच नगर पंचायत माहुल निवासी 32 वर्षीय अशोक बिंद पुत्र सुरेश बिंद दो दिन पहले अपने ससुराल मनेछा गांव केशव बिंद के यहां आया था। घर वाले गांव में हो रहे रामलीला देखने गए थे। ससुराल वालों के अनुसार अर्द्ध रात्रि के बाद रामलीला खत्म होने पर घर पहुंचे तो घर के पास अशोक का शव एक पेड़ से लटकता मिला। ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर फंदा काटकर शव को नीचे उतारा। सूचना पाकर सुबह होने तक मृतक के गांव से लोग मनेछा गांव पहुंचे। शव देख हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई मुकेश के अनुसार अशोक की शादी वर्ष 2019 में खुटहन एक सामूहिक विवाह में मनेछा निवासी गायत्री देवी के साथ हुई था। उससे डेढ़ वर्ष का एक बेटा भी है। अशोक के माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह दिहाड़ी मजदूरी करके जीविका चलाता था। आरोप है कि पत्नी से अनबन के चलते उसकी हत्या की गई है। पतले सफेदा के पेड़ से कोई फांसी भला कैसे लगा सकता है। यदि फांसी लगाया था तो पुलिस को बुलाने से पहले शव क्यों उतारा गया। मृतक के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल जांच की जा रही है।

## पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ अवश्य लें

जौनपुर । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा विकासखंड मुफ्तीगंज के ग्राम पंचायत बीरी में सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। गाँव के सुनील कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि बारिश की वजह से मकान गिर गया है, जिस पर खंड विकास अधिकारी की निर्देशित किया कि जांच कराकर मुख्यमंत्री आवास दे दिया जाए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने बताया मीटर लगा है लेकिन कनेक्शन नही दिया गया है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक्सईएन विद्युत का स्पष्टीकरण लेने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग, जिला पूर्ति विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ अवश्य लें। सभी ग्राम वासियों से कहा कि शौचालय का शत–प्रतिशत उपयोग करें। गाँव के तहसीलदार नाम के व्यक्ति ने ग्राम प्रधान से जमीन विवाद के सम्बंध में शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी द्वारा ग्राम प्रधान को निर्देश दिया कि आपसी सुलह समझौते के माध्यम से विवाद का निस्तारण करा दें। गांव में बने ग्राम सचिवालय के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि सचिवालय में आवश्यक कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए। सचिवालय में ही लेखपाल सचिव रोस्टर के हिसाब से बैठे और सचिवालय में ही प्रार्थना पत्रों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाए। जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

## युवा स्वयंसेवकों ने साफ सफाई व प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने का संदेश दिया

हरदोई ।स्वच्छ भारत अभियान 2.0 के अन्तर्गत नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लगातार अलग अलग ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता और पर्यावरण के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में विकास खण्ड मल्लावां की राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सीमा देवी ने दशहरा मैदान की साफ सफाई कर आमजन को जागरूक किया और टड़ियावां के अभिषेक कुमार सुमन ने विभन्न ग्राम पंचायत में प्लास्टिक वेस्ट एकत्रित कर लोगों को प्लास्टिक न इस्तेमाल करने का संदेश दिया। इसके साथ ही विकास खण्ड सुरसा के मृदुल अवस्थी और आशीष कुमार द्वारा भी अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश देते हुए ग्राम पंचायतों में अभियान चलाया जा रहा है ।

## आदि पुरुष के आपत्तिजनक चित्रण की निन्दा किया

जौनपुर । विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में बजरंग घाट के विंध्यवासिनी माता मंदिर पर धर्माचार्य एवं मठ मंदिर प्रमुख आचार्य रवींद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में धर्माचार्यों की बैठक हुई । जिसमें बॉलीवुड की आने वाली फिल्म आदि पुरुष में चित्रण किए गए रावण एवं सीता हनुमान आदि लोगों के पहनावे और अभिनय करने के तरीके को अनुचित एवं अधार्मिक बताते हुए बोले कि इस फिल्म में सनातन धर्म को नीचा दिखाने का कार्य किया गया है जिसे हिंदु समाज किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा उपस्थित सभी धर्म आचार्यों ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि धर्म के विरुद्ध किसी भी प्रकार का चित्रण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस फिल्म को सरकार से बंद करने की मांग की गई और जनमानस से भी खुलकर विरोध करने का आवाहन किया गया इस कार्यक्रम में जनपद जौनपुर के विभिन्न प्रखंडों के धर्माचार्य एवं सह धर्माचार्य उपस्थित रहे एवं अपने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में पं० राम अविलाष दुबे, पं० राधेश्याम तिवारी,पं० ओम प्रकाश शुक्ला,पं० रविंद्र शुक्ला, पं०जय प्रकाश मिश्र,पं०राजिव तिवारी, पं०सुबाष दुबे,पं०श्रीश दुबे,पं०राज दुबे रहे।

## भाजपा नेता को मिली जान से मारने की धमकी

जौनपुर। सरपतहां थाना क्षेत्र के जहरूद्दीनपुर गांव निवासी भाजपा नेता को अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना प्रकाश में आयी है।जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी भाजयुमो के काशी प्रान्त के क्षेत्रीय मन्त्री पवन पाल के मोबाइल पर सुबह अज्ञात नम्बर से काल आयी,भाजपा नेता ने बताया कि काल रिसीव करते हीं कालर द्वारा अपशब्दों का प्रयोग करने के अलावां दस दिन में जान से मारने की धमकी दी गयी,उन्होने बताया कि कुछ दिन पूर्व भी अज्ञात वाहन द्वारा मुझे जान से मारने की कोशिश की गई थी।प्रकरण में भाजपा नेता ने उच्च अधिकारियों को घटना की जानकारी देने के साथ हीं स्थानीय भाजपा नेताओं की उपस्थिति में थाने पर तहरीर दी है।पुलिस मामले में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विधिक कार्रवाई कर रही है।

# युवक की करंट से मौत

मईल। स्थानीय गांव निवासी नकछेद कुशवाहा (42) की . शाम करंट की चपेट में आ जाने से मौत हो गई। मौत की जानकारी होने पर घर में चीख–पुकार मच गई। दरवाजे पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों के अनुसार वह छावनी से घर आ रहे थे। जहां रास्ते में पहले से बिजली का तार टूट कर गिरा हुआ था। नकछेद घर से कुछ दूरी पर स्थित छावनी पर गए हुए थे। जहां से वह वापस घर आ रहे थे। अचानक रास्ते में गिरे बिजली के तार के जद में आ गए। इसे वह जमीन पर गिर गए और छटपटाने लगे। लोग जब तक कुछ समझ पाते वह बुरी तरह से झुलस गए थे। आनन–फानन उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लार ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। नकछेद की मौत की जानकारी होने पर पत्नी मनभावती पछाड़ खाकर गिर पड़ीं। जबकि पुत्र संदीप दहाड़ें मारने लगा। थानाध्यक्ष सुभाष चंद्र पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है।

# युवक की डूबने से मौत

गौरी बाजार ।क्षेत्र के ग्राम विशुनपुरा में तालाब में नहाते समय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से तालाब से शव निकलवाया। घटना के बाद परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया था। ग्राम तेंदुबारी निवासी विनोद (33) पुत्र रामनरेश अपने एक रिश्तेदार के वहां ग्राम विशुनपुरा गया था। वहां दोपहर में शिव मंदिर स्थित तालाब में नहाने चला गया। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। इससे उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने बताया कि युवक घुमंतु परिवार से संबंधित था।

## युवक का शव संदिग्ध अवस्था में कमरे में मिला

फरेंदा। भैया फरेंदा चौराहे के एक मकान में खून से लथपथ युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई। युवक की मौत को लेकर लोग तरह–तरह की आशंका जता रहे हैं। फरेंदा थाना क्षेत्र के फरेंदा बुजुर्ग निवासी जवाहिर लाल गुप्ता (33) भैया फरेंदा चौराहे पर एक मकान में रहते थे। परिवार का कोई भी सदस्य उनके साथ नहीं रहता था। . सुबह उनका दरवाजा नहीं खुला तो अगल–बगल के लोग दरवाजे पर जाकर देखे तो वह कमरे में मृत अवस्था में पड़े थे। जिसकी सूचना दूसरे मकान पर परिजनों को दी। परिजन कमरे में जाकर देखे तो सन्न रह गए। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ कोमल प्रसाद मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्रा मय फोर्स मौके पर पहुंचे। कमरे के अंदर देखा तो खून से लथपथ जवाहिर का शव पड़ा हुआ था। युवक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, साथ ही सीने पर भी घाव बना था। जिसकी सूचना फॉरेसिंक टीम को दी गई। प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्र ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। पत्नी तीन वर्ष से बच्चों के साथ मायके में रहती हैः मृतक जवाहिर लाल का पत्नी व परिवार के साथ अच्छे संबंध नहीं थे। जिसके कारण पत्नी बीते तीन वर्षों से मायके में ही रहती है। उसके दो बेटी व एक बेटा है। पति की मौत की खबर मिलते ही बच्चों के साथ मौके पर पहुंची तो कोहराम मच गया। जवाहिर चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे।

# खतरे के निशान से ऊपर बह रही रोहिन व चंदन नदी

महराजगंज। जिले में दिन भर बारिश नहीं हुई। बावजूद इसके नदियों के जलस्तर में कोई खास गिरावट नहीं आई है। रोहिन व चंदन नदी के साथ महाव नाला जहां खतरे के निशान के ऊपर बह रहा है वहीं, गंडक, प्यास व राप्ती खतरे के निशान से मामूली नीचे है। आने वाले कुछ दिनों में अगर बारिश हुई तो लोगों की मुश्किलें और बढ़नी तय हैं। सिंचाई विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार से लेकर .. सुबह आठ बजे तक कुल 147 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई है। बारिश ने अक्तूबर माह में वर्ष 2014 में हुए सर्वाधिक 110 मिलीमीटर बारिश के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

# एस बी टी पब्लिक स्कूल में पीटीएम व स्वास्थ्य शिविर का एक साथ आयोजन

## गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अभिभावक और शिक्षक के बीच सामंजस्य जरुरी-चेयरमैन एम एन त्रिपाठी

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरी बाजार/देवरिया। गौरी बाजार क्षेत्र में स्थित एसबीटी पब्लिक स्कूल बखरा में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षा का पी टी एम व स्वास्थ्य




शिविर का आयोजन एक साथ किया गया जिसमें बच्चे तथा अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जहां बच्चों ने अपने अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकों तथा अपने रैंकिंग के बारे में जानकारी ली वहीं वाराणसी से आई डाक्टरों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी अभिभावकों के साथ साझा की तथा उन्हें जरुरी खघन पान पर ध्यान देने एवं उचित व्यायाम पर जोर देने को कहा। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन एम एन त्रिपाठी ने बच्चों के सुखी व समृद्ध जीवन के साथ साथ तकनीकी युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

# बेहतर कूड़ा प्रबंधन से नगर निकायों की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार

महराजगंज। जिले की नगर निकायों में कूड़ा प्रबंधन की बेहतर युक्ति अपनाकर स्वच्छता रैंकिंग में सुधार की कोशिश की जा रही है। बीते दिनों जारी हुई रैंकिंग में आंकड़ों को देखकर लग रहा है कि सभी नगर निकायों ने इस पर अमल किया है।

वर्ष 2018 में महराजगंज नगर पालिका नार्थजोन में 377वें पायदान पर रहा, वहीं वर्ष 2022 में 323 पयदान की छलांग लगाते हुए 54 वें स्थान पर आ गया। इससे नगर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राहत महसूस की। इसे अब टॉप टेन में शामिल कराने के लिए अब पूरा जोर लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में प्रदेश स्तर पर 25 वां और राष्ट्रीय स्तर पर नार्थ जोन में 54 वां स्थान मिला है। 59 हजार आबादी वाली नगर पालिका परिषद महराजगंज में 25 वार्ड हैं। नगर पालिका प्रशासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ बनाने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह पता चला है कि नगर निकायों को स्वच्छ बनाने के लिए बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में नगर पालिका ने प्रदेश में 43 वां और राष्ट्रीय स्तर (नार्थ जोन) में 70वां स्थान हासिल किया था, लेकिन, एक साल बाद स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में प्रदेश में 22 रैंक अधिक लाकर 25 वां स्थान हासिल किया है। जबकि राष्ट्रीय स्तर(नार्थ जोन) में 16 रैंक अधिक लाकर 54 वां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2017 में स्वच्छता सर्वेक्षण की शुरूआत हुई थी, तो महराजगंज नगर पालिका की स्थिति कुछ ठीक नहीं थी। बेहतर कूड़ा प्रबंधन की युक्ति अपनाते हुए पालिका ने सुधार की कोशिश की। नतीजतन नार्थ जोन की सूची में वर्ष 2018 में 377 वां, 2019 में 336 वां और 2020 में नार्थ जोन की सूची में 84 वां स्थान हासिल किया।

वर्ष 2018 में नगर निकायों की रैंकिंगः नार्थ जोन की सूची में वर्ष 2018 में महराजगंज नगर पालिका 377, नौतनवां 277, घुघली 870, आनंदनगर 447, सिसवा 532, निचलौल 423, सोनौली 1012 वें स्थान पर रहा। वर्ष 2019 में नौतनवां नगर पालिका 287, महराजगंज 336, घुघली 254, आनंदनगर 245, सिववा 34, निचलौल 572 एवं सोनौली नगर पंचायत ने 745 वां स्थान हासिल किया था।

वर्ष 2020 में महराजगंज नगर पालिका ने लगाई 252 पायदान की छलांगः स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग 2020 में महराजगंज नगर पालिका ने 252 पायदान की छलांग लगाई। नार्थ जोन में 25 से 50 हजार आबादी वाले निकायों की रैंकिंग महराजगंज नगर पालिका को 84 वां स्थान मिला था। वहीं नौतनवां नगर पालिका परिषद 135 वें स्थान पर रहा। नार्थ जोन में महराजगंज को 84वां स्थान मिला था। नौतनवां 135, आनंदनगर 193, घुघली 300, निचलौल 443, सिसवां बाजार 192, सोनौली नगर पंचायत 204 वें स्थान पर रहा।

नगर क्षेत्र में बेहतर ढंग से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था है। कूड़ा डंपिंग ग्राउंड में मशीनें लग चुकी हैं। घर–घर कूड़ा उठान कराने की व्यवस्था है। रैंकिंग में सुधार लाने के लिए सभी कर्मियों ने टीम भावना से कार्य किया। जिससे यह सफलता मिली है। नगर को टॉप टेन में शामिल कराने के लिए बेहतर ढंग से कार्य करने की कोशिश शुरू कर दी गई है।

# डीएम ने पीएम केयर्स योजना के लाभार्थियों से किया संवाद

देवरिया। पीएम केयर्स फार चिल्ड्रेन स्कीम योजना से लाभान्वित जिले के बच्चों से जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने .कलेक्ट्रेट सभागार में बात कर उनके शिक्षा एवं स्वास्थ्य के बारे में पूछा। जिलाधिकारी ने बच्चों को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

उन्होंने मीनू साहनी को दस लाख रुपये की धनराशि का पासबुक तथा पांच लाख रुपये कवरेज वाला हेल्थ कार्ड प्रदान किया। जनपद में कुल नौ बच्चे इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक बच्चों से संवाद किया और उनके साथ अपना मोबाइल नंबर साझा किया। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के निवारण के लिए कोई भी बच्चा उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने योजना से लाभान्वित बच्चों को आगे मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। एक बालिका मीनू साहनी (जो अब 18 वर्ष की हो चुकी है) को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत 10 लाख रुपये की धनराशि का पास बुक, हेल्थ कार्ड एवं स्नेहपत्र जिलाधिकारी ने प्रदान किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य कोविड–19 महामारी के दौरान अपने माता–पिता को खोने वाले बच्चों को भोजन एवं घर उपलब्ध कराकर उनकी देखभाल और सुरक्षा करना है। ऐसे बच्चों को शिक्षा और स्कॉलरशिप के जरिए सशक्त बनने में सहायता भी की जाती है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. विनोद कुमार राय एवं जिला सेवायोजन कार्यालय से संबंधित कैरियर काउंसलर ने बच्चों को सप्लीमेंटरी एजुकेशन एंड कैरियर काउंसलिंग की सुविधा से अवगत कराया।

डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार सोनकर को बच्चों को हर संभव सहयोग के लिए निर्देश दिए। जनपद में इस योजना के नौ बच्चे लाभान्वित हैं। इनमें .आठ बच्चों की जिलाधिकारी से व्यक्तिगत रूप से बात हुई। इस दौरान रामकृपाल, डॉ. राजेश मिश्र, संदीप कुमार रावत, गौरव कुमार, सैफ खान आदि मौजूद रहे।

# त्योहार हमें प्रेम व भाईचारे की देते हैं सीखरूसीओ

गोला गोरखपुर। गोला कोतवाली परिसर में आगामी त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक सीओ जगत नरायण कन्नौजिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई।साथ में कोतवाल जय नारायण शुक्ला और त्यौहार के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग के लिए धर्मगुरुओं मौलानाओं व कमेटी के लोग उपस्थित रहे।सीओ ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योंहार को मनाने की अपील करते हुए कहा कि सभी त्योहार हमें आपसी प्रेम और भाईचारे की सीख देते हैं इसलिए हम सभी को मिलजुलकर मनाना चाहिए जिससे एकता की मिठास मिले। कोई भी त्यौहार पर शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। जुलूस में किसी भी धर्म को और धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। कोतवाल जय नारायण शुक्ला ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए और आपस में एकता की भावना के साथ रहना भारतीय संस्कृति है। इसलिए इस संस्कृत को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर मोहम्मद अली उर्फ गरीब नेता इम्तेयाज अहमद जाहिद राईन महताब आलम मौलाना सिद्दीक कादरी कमाल खान मौलाना इकबाल मिसबाही सलीम शेख अशफाक अहमद,ईमरान अहमद आदि बड़ी संख्या में कमेटी के लोग उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने किया उग्रसेन सेतु व बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

बड़हलगंज । बड़हलगंज क्षेत्र के पटनाघाट कपरवार के टूटे उग्रसेन सेतु व बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण जिलाधिकारी गोरखपुर ने शनिवार को किया। जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश व वरिष्ट पुलिस अधीक्षक गोरखपुर गौरव ग्रोवर के साथ सबसे पहले पटनाघाट उग्रसेन सेतु पर पहुंच कर टूटे पुल का जायजा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व सेतु निगम के अधिकारियो को टूटे पुल की मरम्मत कराकर जल्द से जल्द आवागमन बहाल करने का निर्देश दिया। राप्ती नदी के बढ़ रहे जलस्तर पर उपजिलाधिकारी गोला को सतर्क रहने व सभी बाढ़ चौकियों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया की राप्ती नदी के बढ़ रहे जलस्तर का तीन दिन तक असर रह सकता है। प्रशासन पुरी तरह से मुस्तैद है। ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के लिए जागरूक करते हुए सभी तैयारी कर ली गई है। इस दौरान उपजिलाधिकारी गोला रोहित मौर्य,तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ला, सीओ गोला जगतराम कन्नौजिया,खंड विकास अधिकारी बड़हलगंज सुरेश कुमार मौर्य,पशु चिकित्साधिकारी अधिकारी बड़हलगंज डा. विवेक,इन्स्पेक्टर बड़हलगंज मधुपनाथ मिश्र,प्रभारी चिकित्साधिकारी डेरवा अमित गुप्ता,पशुधन प्रसार अधिकारी कामेश्वर सिंह, भाजपा नेता अष्टभुजा सिंह,प्रेमप्रकाश सिंह,आनंद त्रिपाठी,अनूप सिंह,राजन सिंह सहित अनेको लोग मौजूद थे।

# मूर्ति विसर्जन में अनुपस्थित रहे बीडीओ, अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बीडीओ गौरी बाजार विवेकानंद मिश्र के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने के लिए अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास को संस्तुति पत्र भेजा है। डीएम ने सभी अधिकारियों को बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ने के निर्देश दिए थे, लेकिन बीडीओ गौरीबाजार डीएम के आदेश को दरकनार करते हुए मुख्यालय से दो दिन गायब रहे। साथ ही प्रतिमा विसर्जन स्थल पर जो जिम्मेदारी दी गई थी, उसको पूर्ण नहीं किए।

डीएम ने दशहरा के दृष्टिगत मूर्ति विसर्जन स्थलों पर प्रकाश बैरिकेडिंग, साफ–सफाई आदि की व्यवस्था करने के लिए बीडीओ को नामित किया था। इसके बाद भी आदेश की अवहेलना बीडीओ ने की। डीएम ने बताया कि विभिन्न संचालित शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों में भी प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, जो इनके कार्यों में अरुचि व लापरवाही को परिलक्षित करता है।

बीडीओ द्वारा बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर रहने से कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने, स्वेच्छारिता एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों का अवहेलना करने, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण तथा मनरेगा योजना में समीक्षा बैठकों में बार–बार निर्देश देने के बावजूद भी अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर डीएम ने गंभीरता से लेते हुए अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति की है। शासन ने समस्त अधिकारियों को उनके तैनाती स्थल पर ही रात्रि निवास करने के निर्देश दिए हैं।

# बारिश थमी, घिर गए संक्रामक रोगों के बादल

महराजगंज। दो दिन तक लगातार हुई बारिश के थमने के बाद नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में संक्रामक रोगों के बादल मंडराने लगे हैं। बारिश ने नगर की बदहाल जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। लगभग आधा दर्जन वार्डों में जाने वाले मार्गों पर जगह–जगह पानी लगने से जहां आने–जाने वाले लोगों को गंदे पानी से गुजरना पड़ रहा है, वहीं उनमें संक्रामक रोग का खतरा भी बढ़ गया है। नगर पालिका परिषद में कुल 25 वार्ड हैं। पांच वर्ष से अधिक समय से नगर में जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नाली बनाए जाने की मांग की जा रही है, मगर अभी तक किसी भी वार्ड में जलनिकासी के लिए नाली का समुचित निर्माण नहीं हो पाया है।

नगर के लोहिया नगर, बिस्मिल नगर, सिविल लाइंस, शास्त्री नगर, आजाद नगर व राजीव नगर वार्ड में पानी या तो जगह–जगह रुक गया है या फिर वार्ड में जाने वाली सड़कों पर बह रहा है। एक से दूसरे वार्ड व मुख्य मार्ग पर जाने वाली प्रमुख सड़क होने के नाते वार्डवासियों का उस रास्ते आना–जाना मजबूरी है। लोग वार्ड की सड़कों पर फैले गंदे पानी के बीच आते–जाते दिखे। सिविल लाइन वार्ड में रहने वाले मयंक कुमार ने कहा कि गंदे पानी से आने–जाने से लोगों में त्वचा संबंधी रोगों के होने का डर बना हुआ है। आजाद नगर के रहने वाले रामसेवक ने कहा कि मलेरिया, टायफायड व इन्फ्लूएंजा जैसे संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका भी बढ़ रही है। इन वार्डों में हुआ जलभराव, बढ़ी परेशानीः शास्त्री नगर वार्ड में चिउरहां जाने वाली सड़क पर घुटने भर से अधिक पानी बहता मिला। साइकिल व मोटरसाइकिल से आने वाले लोग तो निकल जा रहे थे, मगर पैदल आने वाले लोगों को या तो पानी से होकर गुजरना पड़ा या फिर दूसरे लोगों से सहायता लेकर आना पड़ा। सिविल लाइंस से शास्त्री नगर जाने वाली सड़क पर भी घुटने भर पानी लगा हुआ है। इस मार्ग पर आने वाले लोगों को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर नाली बनी है मगर अधूरी होने की वजह से लोगों की मुश्किल बढ़ रही है।

## प्राईमरी स्कूल में जलभराव

परसा मलिक। प्राथमिक विद्यालय मनिकौरा में बघेला नाले का पानी घुस गया है।शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ। बेलभार से रेहरा जाने वाले सम्पर्क मार्ग भी पानी डूबा है।

## पुलिस चौकी में घुसा पानी

ठूठीबारी। लक्ष्मीपुर खुर्द गांव के पूरब गंडक नदी का पानी ओवरफ्लो होकर सुबह तक लक्ष्मीपुर खुर्द गांव सिवान में पहुंच गया। लक्ष्मीपुर खुर्द गांव के दक्षिण गडौरा जाने वाले मुख्य मार्ग के सटे पुरब लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी समेत प्राथमिक विद्यालय में जलभराव हो गया है।

## पिपरा मुंडेरी गांव का मुख्य मार्ग कटा

शिकारपुर। घुघली क्षेत्र के पिपरा मुंडेरी गांव में मुख्य मार्ग बरसात के कारण कट गया है। इस मार्ग से पिपरा मुड़ेरी, हरपुर, पकड़ी, भिटौली, गेंसापुर, हथियागढ़, बरगदवा, बरवा आदि गांव के लोग घुघली, महराजगंज, सिसवा आने जाने का मुख्य मार्ग है। ग्रामीण राधेश्याम, रामाश्रय, दयानंद, देवीलाल ,अमित ने बताया कि सड़क कटने के कारण आने जाने में परेशानी हो रही है।

# मानस पाठ कर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

गोला गोरखपुर। गोला ब्लाक के परसिया मिश्र गांव में स्थित मां महेन्देश्वरी दुर्गा मंदिर पर रामचरित मानस पाठ व यज्ञ हवन के पश्चात शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें आस – पास गांव के श्रद्धालु भक्तजनों ने भण्डारे में पहुचकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मदरिया मंदिर के उत्तराधिकारी श्रीश दास महराज व चाणक्य विचार संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने इस शुभ अवसर पर कहा कि मां महेन्देश्वरी श्रद्धालु भक्तजनों पर अपनी कृपा बनाए रखें हम सभी की यही प्रार्थना है।मन्दिर के अध्यक्ष डॉ कौशलेश मिश्र व संरक्षक तथा कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र मिश्र ने कहा कि माता महेन्देश्वरी की कृपा से ऐसे धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन आदि होता रहता है।जिसमें श्रद्धालु भक्तगण पहुंचकर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ के भागी होते माता से यही प्रार्थना है कि हम सभी को ऐसे आयोजनों को करने आशीर्वाद बनाए रखें।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रतन प्रकाश दुबे डॉ शरद चंद्र मिश्रा भास्कर दत्त पांडे पुनीत शुक्ला एलआईसी बड़हलगंज के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अजय कुमार त्रिपाठी व गोला के प्रबंधक एस पी पांडे अजय कुमार मिश्रा एलपीएम अकादमी के एमडी अमरनाथ वर्मा योगेन्द्र नाथ सिंह अशोक वर्मा अशोक तिवारी संतोष मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा प्रधान पर्शिया अश्वनी मिश्रा पारस मिश्र हौसला मिश्र संत मिश्रा गणेश मिश्रा अवधेश त्रिपाठी पुनीत शुक्ला हरे कृष्ण दुबे अखिलेश दुबे नन्हे डूबे पियूष त्रिपाठी अनुराग पांडे सूरज यादव प्रभु नाथ मिश्रा मनीष शुक्ला सुभाष चंद्र दास विक्रांत साहनी पीर मोहम्मद गणेश मिश्रा जयप्रकाश तिवारी अशोक तिवारी राजू मिश्रा रिंकू मिश्रा वरुण मिश्रा सूरज यादव राहुल मिश्रा निखिल मिश्रा सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद होकर प्रसाद ग्रहण किया।

# नारायणी के उफान से 600 घर पानी से घिरे, पलायन कर रहे लोग

महराजगंज। तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन के लिए नाव लगा दी गई है। राजस्व कर्मियों को भी क्षेत्र में मुस्तैद कर दिया गया है। प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के भोजन और बिस्तर के इंतजाम करा दिए गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। नेपाली क्षेत्र में भारी बारिश के चलते बाल्मीकि नगर बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने से नारायणी नदी उफान पर है। जलस्तर में वृद्धि से तटवर्ती क्षेत्र के लोग हलकान हैं। करीब छह मुसहर बस्तियों के छह सौ घर पानी से घिर चुके हैं। संपर्क मार्ग डूब जाने से ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। नदी के जलस्तर में वृद्धि से 40 हजार की आबादी प्रभावित है। धान व गन्ने की फसल डूब गई है। बाढ़ पीड़ित मोहन मुसहर, चंद्रिका प्रसाद, केशव मुसहर, रमावती आदि ने कहा कि नेपाल के बाल्मीकि नगर बैराज से लगातार छोड़े जा रहे पानी के कारण नारायणी नदी और टेल फाल नहर का जलस्तर लगभग पांच सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। तटवर्तीय इलाकों में बसे मुसहर गांव गेड़हवा, कनमिसवा, भेड़ियारी, सकरदीन्ही, बलुआ टोला, औरहवा और बैरा टोला के छह सौ घर बाढ़ की पानी के चपेट में हैं। इन क्षेत्रों के संपर्क मार्ग भी पानी में डूब गए हैं। इससे परेशान ग्रामीण गृहस्थी का सामान लेकर नावों के सहारे सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। बच्चों की सुरक्षा की दृष्टि से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के विद्यालयों को बंद कर दिया गया है। बाढ़ की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार वाचस्पति सिंह ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों के सुरक्षित आवागमन के लिए नाव लगा दी गई है। राजस्व कर्मियों को भी क्षेत्र में मुस्तैद कर दिया गया है। प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के भोजन और बिस्तर के इंतजाम करा दिए गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है।

# बारिश में सड़क पर भरे गड्ढे पानी से होकर गुजर रहे स्कूली बच्चे

## सड़क हुई तालाब में तब्दील

दैनिक बुद्ध का संदेश

बाराबंकी। तहसील नवाबगंज के विकासखंड हरख क्षेत्र के सतरिख शरीफाबाद अख्तियारपुर तीरगांव तक आदमपुर भटपुरा सहित कोटवा गांव के मुख्य मार्ग पर बारिश हो जाने पर जल निकास ना होने के कारण (पी डब्लू डी) सड़क पर भरा रहता गंदा पानी व कीचड़ जिससे स्कूली बच्चों व ग्रामीणों को प्रतिदिन सड़क पर भरे गंदे पानी व कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है ग्रामीण व बच्चे आए दिन गिरकर होते हैं चोटिल व राहगीरों को गिरने की आशंकाएं बनी रहती हैं ग्रामीणों ने बताया की सड़क इतनी जर्जर हो चुकी है कि सड़क पर गढ़े और कीचड़ ही दिखाई देता है सड़क पर गड्ढे व जल होने के कारण राहगीरों गांव के लोगों को तमाम प्रकार की मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कोटवा गांव के मुख्य मार्ग (सड़क) पर जल भर जाता है



जिससे ग्रामीणों को हैजा मलेरिया व अन्य घातक बीमारियों जैसे कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं पर स्कूली बच्चों ग्रामीणों व राहगीरों को कोटवा गांव के मुख्य मार्ग पर भरे गड्ढे पानी व कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है शिवपाल यादव ने बताया कि हमारी पंचायत में विकास के लिए आदमपुर भटपुरा नया पुरवा और बाकी अन्य गांवों



में विकास होता है और कोटवा गांव में क्यों नहीं हो रहा है विकास सरवन कुमार (बी. डी . सी) जितेंद्र गौतम मोहम्मद रेहान धर्म सिंह रिंकू यादव राज कपूर बबलू सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से की गई है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मौन है इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# वर्षों से रहा विवादित कच्चा मार्ग, नगर अध्यक्ष के प्रयास से बनेगी पक्की सड़क

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार/सिद्धार्थनगर। आजादी से अभी तक इतने दिनों के बाद भी कांशीराम नगर वार्ड के घुघुलिया के मलिन बस्ती के ग्रामीणों के लिए एक सड़क तक मयस्सर नहीं हो सकी थी। जमीनी विवाद के कारण जिम्मेदारों के दावे भी हवा हवाई साबित हो रहे थे। शादी विवाह व बीमारी की दशा में चार पहिया वाहन नहीं पहुंच पाता था। बारिश के मौसम में तो ग्रामीण गांव में ही कैद हो जाते रहे। रोजमर्रा के8 जरूरतों के लिए वार्ड वासियों को पैदल का ही सहारा रहा। लंबे समय से वार्ड के नागरिक सड़क निर्माण के लिए प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा रहे थे लेकिन जमीनी विवाद के चलते कोई भी समस्या दूर नही कर सका। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीता यादव व इनके प्रतिनिधि सुरेश यादव के अथक प्रयास से जमीनी विवाद दूर हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीता यादव ने बताया है अबिलम्ब वहां पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए कार्यवाही शुरू हो गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश यादव ने बताया है कि इस जटिल और वर्षो से नासूर बनी सड़क की समस्या को काश्तकारो से वार्तालाप करके भूमि के बदले भूमि देने के पश्चात लोगो को संतुष्ट करते हुए ओमप्रकाश तिवारी के घर से पूरब दलित बस्ती तक सड़क बनवाने हेतु एस.डी.एम द्वारा आदेश दिया गया है। इस सड़क के बनने से वार्ड के एक हजार से अधिक नागरिको के अलावा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के नागरिको को आवागमन में सुविधा मिलेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष के इस प्रयास की सभी लोग सराहना कर रहे है।





# किसानों को मेंथा की खेती से संबंधित दी गई विशेष जानकारी

## किसानों को किया गया मुआवजा चेक का वितरण

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली/बाराबंकी। ग्राम देहेजिया में टेनेजर संस्था एवं जीआईजेड



संस्था के द्वारा किसानों को मेंथा की खेती से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। और इस दौरान मेंथा की खेती में हुए नुकसान के बारे में बताया गया तथा मेंथा की खेती में हुए नुकसान के मुआवजे के तौर पर सभी किसानों को नुकसान राशि का चेक का वितरण किया गया। बैठक में किसानों को कम लागत में अधिक फसल की पैदावार और अधिक मुनाफे के विषय में खेती से संबंधित तकनीकी जानकारी दी गई।वही इस मौके पर टैनेजर प्रोग्राम मैनेजर अभिजीत वर्मा, जीआईजेड कंपनी हरिओम निराला, जीआई जेड कंपनी ज्ञान डब्ल्यू आर एम एस सी बी मेहता, डब्ल्यू आर एम एस वैभव सहित कई दर्जन किसान मौजूद रहे।

# संस्कृत विषय में परिश्रम करने से गणित जैसे अंक मिलते हैं:जितेन्द्र कुमार

लखनऊ। संस्कृत एक ऐसा विषय है कि इसमें परिश्रम करने वाला गणित जैसा अंक पाता है। जीवन में यदि ऊंचा उठना है तो बड़ा कार्य करना चाहिये। उक्त विचार उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार भाषा विभाग ने महर्षि वाल्मीकि जयन्ती महोत्सव के उद्घाटन सत्र में दिया। शनिवार 8 अक्टूबर से दो दिवसीय बाल्मीकि जयंती समारोह निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया है। संस्कत भाषा के महत्त्व एवं उपयोगिता पर विशेष बल देते हुये उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान का भवन सभी सुविधाओं के साथ, ऑडिटोरिय से युक्त शीघ्र ही बनकर तैयार होने वाला है, जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। विदित हो कि संस्थान द्वारा राज्यस्तरीय तेरह प्रतियोगिताओं में पधारे मण्डल से आये विजेताओं को प्रोत्साहित करते हुये उन्होंने कहा कि यह सुनहरा अवसर है, जो आगे बढ़ने के लिये जीवन भर प्रतिभागियों को प्रेरित करता रहेगा। कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि संस्कृत संस्थान द्वारा अनेक योजनाओं का शुभारम्भ किया गया है, जिससे प्रतिवर्ष अनेक लाभार्थी लाभान्विता हो रहे हैं। संस्कृत के जन जन तक पहुंचाने के लिये संस्कृत सम्भाषण कक्षा का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे उनके पठन पाठन में सुधार की स्थिति दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि सन् 2021–22 में लगभग 13 हजार लाभार्थियों को सम्भाषण का लाभ हुआ। प्रतिवर्ष संस्कृत सम्भाषण में संस्कृत जिज्ञासुओं की संख्या संस्कृत के प्रति उनकी रुचि को दर्शाती है। कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि संस्कृत पढ़ने वालों को रोजगार से जोड़ने के लिये संस्थान द्वारा ज्योतिष प्रशिक्षण एवं वास्तु तथा कुण्डली बनाने की पद्धति बनानी जानी चाहिये, जिससे सभी लाभान्वित हो सकें। संस्कृत संस्थान द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न प्रमुख कार्यक्रमों की मुक्तकण्ठ से प्रंशसा करते हुये उन्होंने सिविल सेवा के संस्कृतकक्षा का निश्शुल्क संचालन पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विज्ञान जिस तरह नित नई प्रगति कर रहा है, वैसे ही संस्कृत का नित नई प्रगति की राह पर चलने की जरूरत है। पतंजलियोग पीठ की तरह योग एवं आयुर्वेद में रचित ग्रन्थों के अंग्रेजी हिन्दी अनुवाद कार्य को कर के जनसामान्य तक पहुंचाने का परामर्श दिया। पद्मश्री अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने कहा कि भारतीय अपने गौरवशाली इतिहास को भुलने लगे हैं। विश्व में भगवान् श्रीराम की मूतिर्यो का मिलना श्रीराम कथा के विस्तार को दर्शाता है। श्रीमिश्र ने युग कवि महर्षि वाल्मीकि के अवदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के दीर्घ अनुभव को साझा करते हुये संस्थान के कार्यो की भूरिशः प्रशंसा की।

# पुलिया में डूबने से वृद्ध की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के डीघुल जरहां में शनिवार की सुबह पुलिया में पैर फिसलने से एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुचीत गुर्जर उम्र 70 वर्ष निवासी डिघुल जरहां, शुक्रवार की रात्रि नित्य क्रिया के लिए बाहर गया था इसी दौरान घर से 150 मीटर की दूरी पर एक पुलिया में बृद्ध का पैर फिसल गया जिससे वह पानी में चला गया। शनिवार को सुबह राहगीरों व परिजनों की सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद भारती ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अन्त्य परीक्षण हेतु भेजकर अन्य पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

# केकराही सेवा समिति संपर्क मार्ग बदहाल आवागमन में हो रही कठिनाई

दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा/सोनभद्र। करमा ब्लॉक के अंतर्गत करमा में स्थित



केकराही किशान सेवा समिति लिमिटेड संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है जिससे आवागमन में भारी दिक्कत होती है सैकड़ों गांव के किसान इसी राह से समिति तक खाद बीज आदि काम के लिए जाते है क्षेत्र के प्रतिनिधि लोग भी इसी मार्ग से समिति तक जाते है लेकिन लगता है इस मार्ग के बदहाली पर किसी की नजर नहीं पड़ी लोगो ने संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित कराया है।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट-हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद-सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.-UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद-सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:- 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:- 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:- 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:- 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:- 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:- 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:- 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:- 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:- 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:- 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:- 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:- 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:- 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:- 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:- 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:- 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:- 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:- 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:- 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:- 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:- 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:- 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:- 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:- 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# कांग्रेस ने हमेशा सभी जाति धर्म को दिया सम्मान

लखनऊ। कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार ग्रहण के बाद बृजलाल खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सभी जाति धर्म को सदैव उचित सम्मान दिया है। आज एक बार पुनः कांग्रेस नेतृत्व ने मेरे जैसे एक सामान्य व दलित परिवार के व्यक्ति पर विश्वास व्यक्त करते हुए मुझे प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं।कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जाति,धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर जन सामान्य की बेहतरी के लिए कार्य किया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष खबरी ने राष्ट्रीय महासचिव यूपी कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए कांग्रेस जनों को विश्वास दिलाया कि सभी निष्ठावान और ईमानदार व मेहनती कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर सभी कांग्रेसजनों की भरपूर सेवाएं लेने के साथ ही उचित सम्मान दिया जाएगा। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने एवं उनके साथ सभी प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री अजय राय, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, अनिल यादव,योगेश दीक्षित ने कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित समारोह में अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण से पूर्व नवनियुक्त अध्यक्ष श्री खाबरी एवं सभी प्रांतीय अध्यक्षों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार पटेल, बाबा साहब भीम राव अम्बेड़कर, पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी, एवं राजीव गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष डा0 प्रमोद पाण्डेय एवं उनके स्वंयसेवकों द्वारा प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर गाड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसी क्रम में प्रांतीय अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझ पर विश्वास जताया मैं निश्चित रूप से उसमें खरा उतरने की कोशिश करूंगा। मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसका मैं पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा। मेरी इच्छा थी कि मुझे जमीन पर काम करने का मौका मिले जिसको देखते हुए सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं राष्ट्रीय महासचिवध् प्रियंका गांधी ने मुझे प्रांतीय अध्यक्ष बनाकर कार्य करने का अवसर प्रदान किया। प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने जो मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसका आभार व्यक्त करता हूं। हमें एक साथ मिलकर इस देश व प्रदेश की गूंगी, बहरी अराजक सरकार को उखाड़ फेंकना है इसके लिए हम रात दिन मेहनत करगें और कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# नायब तहसील दार ने सुनी फरियादियों की फरियाद

दैनिक बुद्ध का संदेश

मसौली/बाराबंकी। नायब तहसीलदार पूनम तिवारी की अध



यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में दो फरियादियों ने चकमार्ग एव अवैध कब्जा हटवाने की मांग की। फरियादियों की शिकायत सुनते हुए नायब तहसीलदार ने टीम गठित कर निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को थाना मसौली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंची नायब तहसीलदार पूनम तिवारी को प्रार्थना पत्र देते हुए त्रिलोकपुर निवासी सिरोमणि जैन पत्नी प्रदुम्न जैन ने पड़ोसी कमलचंद जैन, ईश्वरचन्द्र जैन, श्रीचंद जैन, अनमोलचन्द जैन के विरुद्ध कब्जा हटवाने की तहरीर दी है वही मलौली ग्राम प्रधान ने चक मार्ग की पैमाइश की मांग की। फरियादियों की शिकायत सुनते हुए नायब तहसीलदार पूनम तिवारी व प्रभारी निरीक्षक ने दोनों मामले के निस्तारण के लिए राजस्व एव पुलिस की संयुक्त टीम को रवाना किया।

# टाइगर जिंदा है के बाद अली अब्बास की फिल्म में फिर दिखेंगे सलमान



2017 में आई एक्शन थ्रिलर फिल्म टाइगर जिंदा है के लिए अली अब्बास जफर और सलमान खान ने हाथ मिलाया था। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। अब सुनने में आ रहा है कि ये दोनों फिर एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। एक बड़े पैमाने पर बनने वाली फिल्म के लिए दोनों के बीच बातचीत चल रही है। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक धोषणा होगी।

रिपोर्ट के अनुसार, अली अब्बास और सलमान एक फिल्म के सिलसिले में बातचीत कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया, सलमान और अली अब्बास पिछले कुछ महीनों में कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा कर रहे थे और आखिरकार उन्होंने एक एक्शन फिल्म करने फैसला किया है। यह एक उम्दा एक्शन फिल्म है, जो काफी भावनात्मक होगी। फिल्म का विषय चुनौतीपूर्ण है और इसके लिए सलमान को ट्रांसफॉर्मेशन से गुजरना पड़ेगा।

यह सलमान के सुल्तान के मिजाज की फिल्म हो सकती है, जिसमें उन्होंने एक पहलवान की भूमिका निभाई थी। कहा जा रहा है कि सलमान ने फिल्म के लिए मौखिक तौर पर हामी भर दी है। कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले वह पूरी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहे हैं। स्क्रिप्ट देखने और परखने के बाद ही वह फिल्म साइन करेंगे। फिल्म को बड़े बजट में बनाया जाएगा और इसके अधिकांश हिस्सों की शूटिंग विदेशों में होगी।

सूत्रों की मानें तो मेकर्स अगले साल जून में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म ईद के मौके पर 2024 में रिलीज होगी। अली अब्बास फिलहाल शाहिद कपूर की फिल्म के पोस्ट–प्रोडक्शन में जुटे हैं। इसके साथ–साथ वह बड़े मियां छोटे मियां के प्री–प्रोडक्शन को पूरा करने में लगे हैं। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। दोनों प्रोजेक्ट के बाद अली अब्बास सलमान की फिल्म शुरू करेंगे।

अली अब्बास के घर खुशियों की किलकारी गूंजी है। वह एक बेटी के पिता बने हैं। अली अब्बास और उनकी पत्नी एलिसिया जफर के घर 24 सितंबर को नन्ही परी का आगमन हुआ है। फिल्ममेकर ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी शेयर की है।

सलमान मास्टर की हिंदी रीमेक में नजर आ सकते हैं। टाइगर 3 में भी सलमान अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इस फिल्म में एक बार फिर कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी नजर आएगी। वह शाहरुख खान की फिल्म पठान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। कभी ईद कभी दिवाली और नो एंट्री 2 भी उनके खाते से जुड़ी हुई है। इसके अलावा वह बजरंगी भाईजान 2 में भी अपना जलवा दिखाने वाले हैं।

## श्वेता शर्मा पर चढ़ा बोल्डनेस का खुमार, सिजलिंग अदाओं से बढ़ाया इंटरनेट का पारा

भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस श्वेता शर्मा के हुस्न के लाखों दीवाने हैं. वह जब भी नए लुक में अपनी फोटोज शेयर करती हैं तो इंटरनेट का पारा अचानक से गरम हो जाता हैं. श्वेता शर्मा ने अब लेटेस्ट फोटोशूट करवाया है, तस्वीरों में श्वेता ब्लू बिकिनी पहने हुए हैं. श्वेता शर्मा की ये तस्वीरें फैंस के दिल की धड़कने बढ़ा दी है श्वेता शर्मा ने इंस्टाग्राम पर अपनी हसीन तस्वीरें शेयर की है जिसमें वो अपनी हॉटनेस का तड़का लगाती नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं. एक्ट्रेस ने बिकिनी के साथ एक स्कार्फ भी कैरी किया है. जो उनके लुक को और खूबसूरत बना रही हैं. वहीं श्वेता ने अपने लुक को बालों में बन और न्यूड मेकअप के साथ पूरा किया है. फैंस उनकी कातिलाना अदाओं के दीवाने हो गए है. एक्ट्रेस श्वेता अपने कातिलाना अंदाज से लोगों को दीवाना बनाए जा रही हैं. हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता शर्मा की बिकनी फोटोज खूब वायरल हुई थी. ऐसे में एक बार फिर इन तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर खलबली मचा दी हैं.



## आज मनाई जायेगी शरद पूर्णिमा, मां लक्ष्मी की करें विशेष पूजा अर्चना

सनातन धर्म में शरद पूर्णिमा को बेहद खास त्योहार माना जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन देवी लक्ष्मी जी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इसके अलावा भगवान विष्णु की पूजा करने से जीवन में धन की कमी दूर होती है। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर– जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस वर्ष शरद पूर्णिमा 9 अक्टूबर 2022 को मनाई जाएगी। हर साल आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को ही शरद पूर्णिमा कहा जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि इस दिन आकाश से अमृत की बूंदों की वर्षा होती है। शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है। अंतरिक्ष के समस्त ग्रहों से निकलने वाली सकारात्मक ऊर्जा चंद्रकिरणों के माध्यम से पृथ्वी पर पड़ती हैं। पूर्णिमा की चांदनी में खीर बनाकर खुले आसमान के नीचे रखने के पीछे वैज्ञानिक तर्क यह है कि चंद्रमा के औषधीय गुणों से युक्त किरणें पड़ने से खीर भी अमृत के समान हो जाएगी। उसका सेवन करना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होगा।

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस साल चंद्रमा शरद पूर्णिमा को शाम 5रू51 बजे उदय होगा। जो लोग व्रत रखना चाहते हैं वे 09 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का व्रत रख सकते हैं और शाम को चंद्रमा की पूजा करें।

ग्रह–नक्षत्रों की स्थिति

कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस साल शरद पूर्णिमा पर गुरु अपनी ही राशि मीन में चंद्रमा के साथ रहेगा। इनकी युति से गजकेसरी नाम का बड़ा शुभ योग बनेगा। वहीं बुध ग्रह अपनी ही राशि में सूर्य के साथ रहेगा। जिससे बुधादित्य योग बनेगा।



इस पर्व पर शनि भी स्वराशि में रहेगा। जिससे शश योग रहेगा। साथ ही तिथि, वार और नक्षत्र से मिलकर सर्वार्थसिद्धि, ध्रुव और स्थिर नाम के शुभ योग बनेंगे। इस तरह सालों बाद सितारों का ऐसा शुभ संयोग बनेगा। कोजागरी पूर्णिमा भी है दूसरा नामः ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया किदेश के कई इलाकों में शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। कोजागरी पूर्णिमा का त्योहार पश्चिम बंगाल, ओडिशा और असम में बड़ी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कोजागरी पूर्णिमा पर लक्ष्मी जी की विशेष पूजा की जाती है। साथ में भगवान विष्णु की भी पूजा की जाती है। पश्चिम बंगाल व ओडिशा में मान्यता है कि विधिपूर्वक पूजा करने से व्यक्ति को आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है और सुख–समृद्धि में वृद्धि होती है।

शरद पूर्णिमा पर भगवान कृष्ण ने रचाई थी महारास लीला

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि भगवान कृष्ण ने शरद पूर्णिमा पर ही महा रास की रचना की थी। इस दिन चंद्र देवता की विशेष पूजा की जाती है और खीर का भोग लगाया जाता है। रात में आसमान के नीचे खीर रखी जाती है। ऐसा माना जाता है कि अमृत वर्षा से खीर भी अमृत के समान हो जाती है। शास्त्रों के अनुसार इस तिथि को चंद्रमा पृथ्वी के सबसे निकट होता है।

शरद पूर्णिमा की तिथि और शुभ मुहूर्त

शरद पूर्णिमा या कोजागरी पूर्णिमा 9 अक्टूबर 2022

पूर्णिमा तिथि आरंभ–9 अक्टूबर 2022 को सुबह 3:41 मिनट से

पूर्णिमा तिथि समाप्त– 10 अक्टूबर 2022 को सुबह 2:25 मिनट

शरद पूर्णिमा महत्व

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां लक्ष्मी की समुद्र मंथन से उत्पत्ति शरद पूर्णिमा के दिन ही हुई थी। इसलिए इस तिथि को धन–दायक भी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी धरती पर विचरण करती हैं और जो लोग रात्रि में जागकर मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं, वे उस पर अपनी कृपा बरसाती हैं और धन–वैभव प्रदान करती हैं। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ होता और पृथ्वी पर चारों चंद्रमा की उजियारी फैली होती है। धरती जैसे दूधिया रोशनी में नहा जाती है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत की बरसात होती है, इसलिए रात्रि में चांद की रोशनी में खीर रखने की परंपरा भी है।

शरद पूर्णिमा पूजा विधि

भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डा. अनीष व्यास ने बताया कि इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर किसी पवित्र नदी में स्नान करें। यदि नदी में स्नान नहीं कर सकते तो घर पर ही पानी में गंगाजल डालकर स्नानादि करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। अब एक लकड़ी की चौकी या पाटे पर लाल कपड़ा बिछाएं और गंगाजल से शुद्ध करें। चौकी के ऊपर मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें और लाल चुनरी पहनाएं। अब लाल फूल, इत्र, नैवेद्य, धूप–दीप, सुपारी आदि से मां लक्ष्मी का विधिवत पूजन करें। इसके बाद मां लक्ष्मी के समक्ष लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें। पूजन संपन्न होने के बाद आरती करें। शाम के समय पुनः मां और भगवान विष्णु का पूजन करें और चंद्रमा को अर्घ्य दें। चावल और गाय के दूध की खीर बनाकर चंद्रमा की रोशनी में रखें। मध्य रात्रि में मां लक्ष्मी को खीर का भोग लगाएं और प्रसाद के रुप में परिवार के सभी सदस्यों को खिलाएं।

## हिचकी से हैं परेशान तो तुरंत राहत दिला सकती है काली मिर्च

हिचकी आना आज के समय में एक सामने समाया है। इसको



चाहकर भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जी दरअसल वैसे तो ये कुछ मिनटों के लिए आती है और पानी पी लेने से दूर हो जाती है। हालाँकि कभी–कभी ये काफी देर तक परेशान कर सकती है। जी हाँ और एक्सपर्ट्स का कहना है कि हिचकी की समस्या हमारे शरीर में मौजूद पसलियों और डायाफ्राम के बीच होती है। जी हाँ और इनमें स्थित इंटरकोस्टल मांसपेशियों का अचानक संकुचन होता है जो ऐंठन का रूप ले लेती है। ऐसे में यह ऐंठन आचनाक गले से टकराती है और हिचकी शुरू हो जाती है। क्या आप भी अक्सर हिचकी के आने से काफी देर तक परेशान रहते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आयुर्वेद में भी हिचकी के कुछ कारगर उपायों के बारे में बताया गया है। आज हम आपको उन्ही उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। इलायची पाउडर– इसका इस्तेमाल करने के लिए पानी को उबालें और इसमें थोड़ा सा इलायची पाउडर डाल लें। उसके बाद पानी को छान लें और गुनगुना होने पर इसे सिप–सिप करके पिएं। चीनी– इसका इस्तेमाल करने के लिए एक एक या आधा चम्मच चीनी लें और इसे मुंह में डालकर चबाएं। आयुर्वेदिक नुस्खा– इसके लिए आपको काली मिर्च पाउडर की मदद लेनी होगी। जी हाँ, और ध्यान रहे आपको काली मिर्च पाउडर का सेवन नहीं करना है, बल्कि इसे सूंघना है। ऐसे में इसके लिए सूती कपड़ा लें और इसमें काली मिर्च का पाउडर डालें। आप कपड़े की पोटली बनाएं और इसे सूंघें।

## रोज सुबह पीना चाहिए ब्रोकली के जूस, जानिए क्या है इसके बेहतरीन फायदे



ब्रोकली खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ब्रोकली के साथ उसका जूस भी शरीर को कई फायदे पहुंचा सकता है। जी दरअसल रोज इसके सुबह खाली पेट सेवन से सेहत से जुड़ी कई समस्याएं दूर हो सकती है। आपको बता दें कि ब्रोकली में फाइबर और विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो हमारे शरीर के लिए जरूरी है। केवल यही नहीं बल्कि इसके अलावा, इसमें प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट, आयरन, कैल्शियम, सेलेनियम, पॉलीफेनोल के साथ विटामिन ए भी पाया जाता है। अब हम आपको बताते हैं ब्रोकली के जूस के अद्भुत फायदे।

इम्यूनिटी– विटामिन सी से भरपूर ब्रोकली का जूस रोज सुबह खाली पेट पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है, जो आपके शरीर को वायरस और बैक्टीरिया से दूर रखता है।

खराब कोलेस्ट्रॉल– शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल (ड्ढड्डस्र ष्द्धशद्यद्गह्यह्लद्गह्म्शद्य) का हाई लेवल दिल की बीमारी का कारण बनता है। इसके चलते दिल का दौरा भी पड़ सकता है। हर दिन सुबह ब्रोकली का जूस पीने से कोलेस्ट्रॉल लेवल कंट्रोल होता है। इसमें फाइबर पाया जाता है, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है।

मजबूत हड्डियां– ब्रोकली हड्डियों के लिए भी फायदेमंद होता है। जी दरअसल इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियां को मजबूत बनाता है और इससे जुड़ी बीमारियों को भी दूर रखता है।

डायबिटीज– ब्रोकली का जूस एंटी ऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होता है जिसके चलते ये डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद है। हर दिन सुबह खाली पेट ब्रोकली का जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है।

स्किन– ब्रोकली के जूस स्किन को भी फायदा पहुंचा सकता है। जी दरअसल इसमें विटामिन–सी होता है, जो आपकी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाता है।


